दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। बुधवार 06 नवंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 313 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

**नहाए-खाए के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व**

## छठी मइया की कृपा से सबका अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न हो: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** लोक आस्था के महापर्व छठ की आज से नहाय खाय के साथ शुरूआत हो गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। बता दें कि चार दिनों के इस पर्व में व्रती नहाय-खाय से व्रत की शुरूआत करेंगे। बुधवार को खरना किया जाएगा जबकि गुरुवार को अस्ताचलगामी और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर पारण करेंगे। लोक आस्था के महापर्व छठ की बधाई देते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि महापर्व छठ में आज नहाय-खाय के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी शुभकामनाएं। विशेष रूप से सभी व्रतियों को मेरा अभिनंदन। छठी मइया की कृपा से आप सबका अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न हो, यही कामना है।

# यूपी की हवा महाराष्ट्र तक न पहुंच जाए, इसलिए चुनाव की तारीख बदली गई : अखिलेश यादव




सभी फोटो : वरुण लाहोरिया

## इंपीरियल फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया संबोधित

**अखिलेश बोले जब से बीजेपी यूपी में हारी है, तब से उनके नेताओं को नींद नहीं आ रही है**



**सपा सुप्रीमो बोले : बीजेपी नदियां नहीं बजट साफ करती है**

## अखिलेश का कार्यकर्ताओं को संदेश जो डराए उसका वीडियो बना लेना

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव मंगलवार को गाजियाबाद में विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। तो वहीं पार्टी के पदाधिकारियों को विधानसभा उपचुनाव में जीत दिलाने का मंत्र और संदेश भी देने का काम किया। इस दौरान अखिलेश यादव अटैकिंग मोड में नजर आए और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और योगी-मोदी पर जमकर प्रहार किया। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुख की चयन की पॉलिसी बदलने के मुद्दे को गंभीरता से उठाया। तो चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव की तारीख बदलने पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को डर था कि यूपी की हवा का असर महाराष्ट्र तक ना पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों को बताया गया था कि चुनाव के दौरान बहुत सारे त्यौहार हैं।
लोग त्योहार मनाने अपने घर गए हुए हैं। यही डर था जिसकी वजह से भाजपा ने चुनावी तारीख बदलवाई है। उन्होंने यह भी कहा कि डबल इंजन की सरकार अब डबल विनाश का काम कर रही है। अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर सीधी तौर पर हमला बोलते हुए कहा है कि जब से बीजेपी की यूपी में हार हुई है तबसे भाजपा के नेताओं की नींद उड़ी हुई है। अखिलेश यादव ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को यह भी संदेश दिया कि अगर उनको कोई डराने का काम करता है तो उसका वीडियो बना लो। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरीके से अयोध्या जीती थी गाजियाबाद में भी ऐसा ही कारनामा होने वाला है। अखिलेश यादव ने इस दौरान कहा कि आज गरीब, बुजुर्ग, बेसहारा, अग्निवीर और व्यापारियों को भी सपा और कांग्रेस गठबंधन पर ध्यान देना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा के लोग इन दिनों दोनों डरे हुए हैं।

### सदर सीट जीते, तो 2027 में जीत की गारंटी : अमरपाल शर्मा



**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी नेता अमरपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि अगर शहर गाजियाबाद सदर सीट पर समाजवादी पार्टी की जीत होती है, तो यह 2027 में अखिलेश यादव आ रहे हैं की गारंटी रहेगी। उन्होंने कहा है कि आज हर वर्ग भाजपा के शासन से नाराज और परेशान है।

### अखिलेश यादव करते हैं एक-एक कार्यकर्ता का सम्मान : डॉली शर्मा



**करंट क्राइम :** अखिलेश यादव के मंच पर आते ही कांग्रेस नेता डॉली शर्मा ने माइक संभाला था और उन्होंने अपने भाषण के दौरान अखिलेश यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जब अखिलेश यादव को एक कार्यक्रम में देखा तो वह अपने एक-एक कार्यकर्ता से मिलते हैं और उसकी बात सुनते हैं। डॉली अखिलेश यादव की इस राजनीति की फैन हो गई थीं। उन्होंने यह भी कहा कि अखिलेश यादव जिस तरीके से गठबंधन को साथ लेकर चलते हैं यह राजनीति और प्रदेश में विपक्ष के लिए एक अच्छा संकेत है।

### मंच संचालन से लेकर रणनीति बनाने में लगे रहे : राकेश यादव



**करंट क्राइम :** अखिलेश यादव का गाजियाबाद में कार्यक्रम था और चुनाव प्रभारी के नाते पूर्व एमएलसी राकेश यादव इस पूरे कार्यक्रम का मुख्य रूप से मंच संचालन कर रहे थे। उन्होंने मंच का ना सिर्फ जोरदार ढंग से संचालन किया बल्कि वह वक्ताओं के चयन से लेकर दोनों ही पार्टी के पदाधिकारियों के बीच तालमेल और रणनीति बनाकर चल रहे थे। इस दौरान राकेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को दमनकारी बताते हुए कहा है कि अखिलेश यादव और समाजवाद ही उत्तर प्रदेश के लिए असली विकल्प है।

### दिल्ली और यूपी में डीजीपी को लेकर चल रहा है झगड़ा : अतुल प्रधान



**करंट क्राइम :** सरधना सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि दिल्ली और यूपी के बीच इन दोनों डीजीपी को लेकर झगड़ा चल रहा है और यह झगड़ा अब खुलकर सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने चहेते अधिकारी को पद दिलवाना चाहते हैं जबकि अभी रेस में बहुत सारे चेहरे शेष बचे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली और लखनऊ का झगड़ा बड़ा खतरा भी बन सकता है।

### सपा-कांग्रेस गठबंधन राजनीति का नया केंद्र बनेगा : तरुण पूनिया



**करंट क्राइम :** कांग्रेस के प्रभारी और सांसद तरुण पूनिया ने कहा है कि इन दिनों उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस का गठबंधन राजनीति का नया केंद्र बन रहा है। अखिलेश यादव जिस तरीके से आक्रामक राजनीति करते हैं, तो वहीं राहुल गांधी भी जिम्मेदारी के साथ सहयोगी दल को लेकर चलने का काम उत्तर प्रदेश में कर रहे हैं। उन्होंने बीते लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा है कि जिस तरीके के परिणाम लोकसभा में आए थे, वैसे ही विधानसभा उपचुनाव के परिणाम भी कुछ इस प्रकार आने वाले हैं।

## मंच पर दिखा सपा-कांग्रेस गठबंधन का पंच

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गाजियाबाद विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक कर रहे थे। मंगलवार को गोविंदपुरम स्थित इम्पीरियल फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में अखिलेश यादव जब मंच पर पहुंचे तो यहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन का पंच भी देखने को मिला। अखिलेश यादव के एक तरफ गाजियाबाद लोकसभा सीट पर कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रहीं डॉली शर्मा बैठी थी। तो दूसरे तरफ गाजियाबाद के कांग्रेस चुनाव प्रभारी और सांसद तरुण पूनिया नजर आ रहे थे। अखिलेश यादव के साथ प्रथम पंक्ति में बैठने वालों में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा, पूर्व विधायक असलम चौधरी, पूर्व विधायक जितेंद्र यादव, विधायक आशु मलिक, जावेद आबदी, सरधना विधायक अतुल प्रधान, सुशांत गोयल, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विजय चौधरी, जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, प्रथम पंक्ति पर नजर आए। तो वहीं मंच पर स्थान पाने वालों में प्रत्याशी सिंहराज जाटव, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर सपा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व एमएलसी एवं चुनाव प्रभारी राकेश यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं चुनाव प्रभारी अनुराग भदौरिया, पूर्व विधायक हाजी जाकिर अली, रमेश प्रजापति, राष्ट्रीय सचिव जलालुद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय सचिव राम किशोर अग्रवाल, जेपी कश्यप, साजिद हुसैन, राशिद मलिक, राहुल चौधरी, धर्मवीर डबास, अभिषेक गर्ग, बाबू सिंह आर्य, विजेंद्र यादव, पूर्व सांसद हरेंद्र अग्रवाल, मधु चौधरी, राज देवी चौधरी, सिकंदर यादव, विशाल वर्मा, नितिन त्यागी, राजन कश्यप, कालूराम धामा, ऋषिपाल सहित कई अन्य सपा और कांग्रेस के नेता मंच पर नजर आए।

### सपा सुप्रीमो को सम्पादक मनोज गुप्ता ने भेंट किया दैनिक करंट क्राइम




**करंट क्राइम।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव गाजियाबाद आये हुए थे। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करने के बाद उन्होंने दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान मनोज गुप्ता द्वारा उनको दैनिक करंट क्राइम की प्रति भेंट की गई। इस प्रति में अखिलेश यादव के गाजियाबाद आगमन की कवरेज को देखकर अखिलेश यादव ने समाचार पत्र की प्रशंसा की।

### अखिलेश ने कहा गाजियाबाद जितना जाम कहीं नहीं लगता

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव मंगलवार को पूरी तरह हमलावर थे। उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति पर जहां सरकार पर सवाल उठाया। तो कहा कि गाजियाबाद में जितना जाम और कहीं देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में एलिवेटेड रोड देने का काम किया। लेकिन उद्घाटन का श्रेय दूसरे लोग ले गए। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में कानून व्यवस्था की स्थिति यह है कि आत्मदाह करने वाले लोग सबसे ज्यादा अगर लखनऊ में पहुंचते हैं तो वह गाजियाबाद के ही होते हैं।

**कार्यकर्ताओं का जोश**



**संबोधन**



**सुरक्षा व्यवस्था**



### अखिलेश का कार्यकर्ताओं को संदेश, एक-एक बूथ पर जिताने का करना होगा काम



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव मंगलवार को इम्पीरियल गार्डन फार्म हाउस में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। तो उन्होंने मंच से कांग्रेस-समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों से कहा है कि गाजियाबाद में सपा की जीत तभी होगी जब एक-एक बूथ पर कार्यकर्ता वोट डलवाए और पार्टी को जीतने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग इन दिनों चुनाव से इतने डरे हुए हैं कि वह आयोग का सहारा लेकर तारीख तक बदलवा रहे हैं।

## मैं चाहता हूं दिल्ली से बेहतर बने गाजियाबाद : अखिलेश

करंट क्राइम। अखिलेश यादव ने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो गाजियाबाद को एलिवेटेड रोड देने का काम किया गया। इसके साथ ही हज-हाउस दिया गया। छात्रों को स्मार्टफोन और लैपटॉप दिए गए। लेकिन नकल करने वाली पार्टी अब स्मार्टफोन देती है। वह घटिया क्वालिटी के हैं। कितनी-कितनी बार उंगली फिराते रह जाते हैं लेकिन स्मार्टफोन नहीं चलता है। उन्होंने कहा कि मेट्रो का सपना भी कांग्रेस और सपा ने ही देने का काम किया है। उन्होंने याद दिलाया कि एलिवेटेड रोड किसने बनवाई थी और उद्घाटन किसके द्वारा किया गया था। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि मैं चाहता हूं कि गाजियाबाद दिल्ली से बेहतर बने। इसका प्रयास हमने अपनी सरकार में किया। तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट गाजियाबाद में लेकर आए। मौजूदा सरकार का कोई काम दिखाई नहीं देता है। इनका काम यह है सिर्फ विनाश कर दो, काम को रोक दो और तोड़ दो।

### बोले अखिलेश अंग्रेजों के वचनबद्ध नजर आते हैं भाजपाई



करंट क्राइम। अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि भाजपाई अंग्रेजों के वचनबद्ध हैं और वह अंग्रेजों की नीति डिवाइड एंड रूल को फॉलो करने का काम कर रहे हैं। भाजपा के इन दिनों जो भी नारे आ रहे हैं वह बांटने वाले हैं। जो पार्टी कभी सबका साथ सबका विकास और सब में विश्वास का नारा देती थी, आखिर चुनाव में उसका नारा क्यों बदल रहा है।

### अखिलेश ने कहा जब से डायल 100 का नंबर बदला है, रेट बढ़ गया है

करंट क्राइम। अखिलेश यादव मंगलवार को गाजियाबाद में सरकार पर जमकर हमला बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने पुलिस मुखिया की नियुक्ति पर सवाल उठाए। तो वहीं कहा कि पहले उनकी सरकार में जो डायल 100 था, सरकार ने उसका नंबर बदलकर 112 कर दिया है और जब से नंबर बदला है, रेट बढ़ गए हैं, महंगाई ज्यादा है और कुछ लोग ही मुनाफे का लाभ ले रहे हैं। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी बाय इलेक्शन के बाद यह सरकार गिर भी सकती है।

**अभिनंदन**



### वकीलों के लाठीचार्ज, पत्रकार की गिरफ्तारी और ई-रिक्शा बंदी पर बोले अखिलेश

करंट क्राइम। अखिलेश यादव गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। तो मीडिया के सामने भी वह नेशनल और लोकल मुद्दों को जमकर बोल रहे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गाजियाबाद कोर्ट में वकीलों पर लाठीचार्ज के मुद्दे को सरकार को सुलझाना चाहिए। अधिवक्ताओं के साथ पुलिस का ऐसा व्यवहार ठीक नहीं है, अगर कोई बात थी तो कोर्ट में अपना प्लेटफार्म है। वहां दोनों पक्षों की बात सुनी जा सकती थी। पता नहीं किसका गुस्सा उतारा जा रहा है, जो वकीलों को अपमानित होना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद के पत्रकार की गिरफ्तारी के मामले पर भी बेबाकी से राय रखी और कहा कि चौथे स्तंभ पर भी आज खतरा है। मुकदमे लिखकर पत्रकारों को जेल भेजा जा रहा है और अब तो पत्रकारों को नंगा करके घुमाया भी जा रहा है।

### पूर्व सीएम ने पूछा गंगा मैया साफ हो गई क्या और हिंडन कितनी साफ है

करंट क्राइम। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी नदियां नहीं केवल बजट साफ करने का काम करती है। उन्होंने कहा क्या गंगा मैया साफ हो गई है और छोड़िए गाजियाबाद में भी हिंडन नदी बहती है वह कितनी साफ हो गई है। हिंडन नदी बिल्कुल साफ हो गई है तो मुंह ना धोए, केवल हिंडन के पानी को आंख में डाल लें सब मालूम चल जाएगा।

### अखिलेश बोले हमने ई-रिक्शा दिया पर उनका रोजगार छीना जा रहा है

करंट क्राइम। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में व्यापार पर जीएसटी से संकट बढ़ रहा है और वसूली करके घाटे पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी कभी बीजेपी के कार्यक्रमों और मंच के लिए चंदा देते थे। आज वह जीएसटी से परेशान हो गए हैं और उनका व्यापार करना महंगा पड़ गया है। उन्होंने कहा गाजियाबाद में जिस तरीके से ई-रिक्शा एक मार्ग पर बंद किया गया, इससे कई गरीबों का परिवार संकट में आ गया है। हमने फ्री में ई-रिक्शा देने के फैसले किए, लेकिन सरकार और पुलिस इनको बंद करवा रही है।

# 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा संसद का शीतकालीन सत्र: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि संसद सत्र 20 दिसंबर, 2024 तक चलेगा। सत्र की शुरूआत लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। लगभग तीन हफ्ते के सत्र के दौरान भारत और चीन के बीच सीमा पर हुए गश्ती समझौते पर विदेश मंत्री सदन के पटल पर बयान भी दे सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरूआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके अलावा शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में कई अहम विधेयकों पर विचार किया जा सकता है। खबरों के मुताबिक सरकार 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर चर्चा करा सकती है।



### केंद्रीय कक्ष में विशेष बैठक का आयोजन

सरकारी सूत्रों के मुताबिक 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में विशेष संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा। संविधान के महत्व को रेखांकित करने के लिए सरकार ने व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत कई भित्त चित्र का निर्माण, संविधान सभा की बहसों का लगभग दो दर्जन भाषाओं में अनुवाद करना और सार्वजनिक मार्च का आयोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। यह आयोजन ऐसे समय में होने जा रहा है जब सरकार और विपक्ष के बीच संविधान रक्षक बनने और एक दूसरे को संविधान विरोधी साबित करने की होड़ मची है।

### संसद में किन मुद्दों पर चर्चा के आसार

इससे पहले दो नवंबर को आई सूचना के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र में 'वन नेशन वन इलेक्शन' और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराने पर जोर दिया जाएगा।

### जेपीसी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी

सत्र के दौरान हालांकि कई विधेयक पेश किए जाएंगे, मगर सबकी निगाहें वक्फ विधेयक और एक देश एक चुनाव विधेयक पर होगी। वक्फ विधेयक पर सरकार और विपक्ष के बीच जारी जबर्दस्त खींचतान के बीच संयुक्त संसदीय समिति (खढउ) रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। दूसरी ओर एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है। दोनों ही विधेयकों का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है।

### चीन से समझौते पर विदेश मंत्री देंगे बयान

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर करीब चार साल से जारी तनातनी के बीच चीन से बनी सहमति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर संसद के दोनों सदनों में बयान देंगे। गौरतलब है कि लंबी खींचतान के बाद एलएसी पर दोनों देशों की सेना ने गश्त की शुरूआत की है। इसके अलावा इसी सत्र में जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने संबंधी विधेयक के भी पेश होने के आसार हैं।

# मायावती ने मदरसा शिक्षा बोर्ड के फैसले का किया स्वागत

### कहा- इस पर सही से अमल करना जरूरी

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने मदरसा शिक्षा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले का स्वागत किया है और कहा कि इस पर सही से अमल जरूरी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मदरसा शिक्षा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला स्वागतयोग्य है। उन्होंने उम्मीद जताई की इस निर्णय से अब मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता समाप्त हो जाएगी।

सोशल साइट एक्स पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आज एक अहम फैसले में यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून-2004 को वैध व संवैधानिक करार दिए जाने के फैसले का स्वागत है। इससे यूपी में मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता अब निश्चय ही समाप्त होने की संभावना है। इस पर सही



से अमल जरूरी है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब खासकर यूपी के मदरसों को मान्यता मिलने और उनके सुचारू संचालन में स्थायित्व आने की संभावना है। अदालत ने कहा कि मदरसा एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की 9-जजों की बेंच द्वारा हर निजी सम्पत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत सामुदायिक सम्पत्ति का हिस्सा नहीं मानना व इसका अधिग्रहण करने से रोकने के फैसले का भी स्वागत योग्य है। अब तक सरकार के पास आम भलाई हेतु सभी निजी सम्पत्तियों को अधिगृहित करने का अधिकार था।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने 'उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004' की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी है। कोर्ट ने कहा कि यह धर्मनिरपक्षेता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था देकर गलती की कि मूल ढांचे यानी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने के कारण उत्तर प्रदेश मदरसा कानून को खारिज करना होगा।

## न्यूज डायरी

### 'एक रहिए, नेक रहिए, झारखंड की रैली में झामुमो पर बरसे योगी आदित्यनाथ



**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान एक रैली में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि एक रहिए, नेक रहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये समय बंटने का नहीं है। अपने संबोधन के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की तुलना औरंगजेब से कर डाली और कहा कि जिस तरह से मुगल बादशाह औरंगजेब ने देश को लूटा था, उसी तरह से आलमगीर आलम ने राज्य को लूटा। आलमगीर आलम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

#### हजारीबाग की रैली में लोगों से की एकजुट रहने की अपील

हजारीबाग में एक रैली के दौरान योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि 'बीजेपी लाओ और 'एक रहो और नेक रहो'। देश का इतिहास इसका गवाह है, जब भी हमें जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर बांटा गया है, हमें बेरहमी से काटा भी गया है। हम यह दोहराते हैं, जाति के नाम पर मत बांटो। जो लोग हमें बांट रहे हैं, वे देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं। उनके लिए देश उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं है, वे वो सब कुछ करेंगे जो भारत के खिलाफ है...यह बंटने का समय नहीं है। यह पीएम मोदी की मानसिकता के अनुसार काम करने का समय है।'

#### 'देश की सुरक्षा की गारंटी है भाजपा'

वहीं झारखंड के कोडरमा में आयोजित एक अन्य रैली में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा, देश की सुरक्षा, रोजगार, स्वाभिमान, महिला सशक्तिकरण की गारंटी है। भाजपा विकास और विरासत के बीच समन्वय की गारंटी है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में अयोध्या में दीपोत्सव हो रहा है। 500 वर्षों के बाद ऐसा हो रहा है।

#### 'माफिया का इलाज भाजपा ही कर सकती है'

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये चुनाव उन लोगों को जवाब देने का मौका है, जिन्होंने राज्य के लोगों को धोखा दिया। देश के लोगों ने कांग्रेस के शासन का मौका दिया था, लेकिन उन्होंने कोई योजना ईमानदारी से नहीं चलाई। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि 'माफिया का इलाज भाजपा ही कर सकती है। उत्तर प्रदेश में पहले माफिया गुंडों का डर था, लेकिन जब से राज्य में बुलडोजर घूमना शुरू हुआ है, तब से हर अपराधी संत बन गया है या फिर उसका सफाया कर दिया गया।'

#### राजनाथ सिंह ने झामुमो गठबंधन को बताया फुस्स पटाखा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मंगलवार को झारखंड में रैली की। रैली के दौरान अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को दिवाली का 'फुस्स पटाखा' करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। रांची के हटिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि 'मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के झामुमो के 'डूबते जहाज' को छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है कि राज्य में सरकार कौन बनाएगा। दिवाली का त्योहार अभी-अभी समाप्त हुआ है। झामुमो, कांग्रेस और राजद अब फुस्स दिवाली पटाखे हैं। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो अकेले ही झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।' राजनाथ सिंह ने लोगों से मौजूदा सरकार को हटाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा, 'बीजेपी को दो बार सत्ता में आने दीजिए, झारखंड विकसित राज्यों की कतार में आ जाएगा।'

## दिल्ली में छठ पर्व पर रहेगा एक दिन का अवकाश

# एलजी के प्रस्ताव पर सीएम की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में छठ पर्व को लेकर सात नवंबर को अवकाश रहेगा। दिल्ली सरकार की तरफ से जल्द ही अवकाश को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। राजधानी दिल्ली में छठ पर्व को लेकर सात नवंबर को अवकाश रहेगा। दिल्ली सरकार की तरफ से जल्द ही अवकाश को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। सीएम अतिशी ने कहा कि छठ पर्व पर भव्य आयोजन किए जाएंगे। एलजी के प्रस्ताव को सीएम आतिशी ने हरी झंडी दिखा दी है। इससे पहले एलजी वीके सक्सेना ने सीएम आतिशी को एक चिट्ठी लिखी थी जिसमें छठ के दिन छुट्टी की मांग की गई थी। इससे पहले दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर सात नवंबर को दिल्ली में



सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह किया था, इस पर मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्वीट कर जानाकरी दी कि मुझे यह बताते हुए खुशी है कि दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि सात नवंबर को छठ के त्यौहार की छुट्टी होगी, ताकि सभी पूर्वांचली भाई-बहन धूम-धाम से छठ का त्यौहार मना सकें।

पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा था, कुछ ही दिनों में हम छठ मना रहे होंगे। आस्था का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है, जिसमें तीसरा दिन जब अस्ताचल सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाता है, सबसे महत्वपूर्ण है। इस साल सात नवंबर को पड़ने वाला यह दिन पहले से प्रतिबद्ध अवकाश के रूप में घोषित है। मेरा आग्रह है कि सरकार सात नवंबर को पूर्णकालिन अवकाश के रूप में घोषित करे और इससे संबंधित फाइल शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित की जाए।

# सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी को दिए आदेश अरविंद केजरीवाल की बढ़ सकती हैं मुसीबतें!



**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बनाए गए 'शीश महल' में अवैध निर्माण और वित्तीय अनियमितताओं पर उनकी शिकायत को स्वीकार कर लिया है। सीवीसी ने इस शिकायत को आगे की जांच के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को भेज दिया है, और यह आश्वासन दिया है कि तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

क्या है शीश महल घोटाला प्रदेश भाजपा ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री आवास के सौंदर्यीकरण पर करीब 45 करोड़ रुपये खर्च किए गए। भाजपा ने तत्कालीन सीएम को आड़े हाथों लेते हुए नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। इस पर पलटवार करते हुए आप ने भाजपा पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया था। साथ ही कहा था कि मुख्यमंत्री आवास किसी की निजी संपत्ति नहीं है। भाजपा ने दावा किया था कि यह नवीकरण नहीं बल्कि पुराने की जगह नया ढांचा तैयार किया गया है। इसमें उनका कैंप कार्यालय भी है। इस मामले में सूत्रों का दावा है कि दस्तावेज से पता चलता है कि 43.70 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के बजाय सिविल लाइंस के 6, फ्लैट स्टाफ रोड स्थित सीएम के सरकारी आवास की शक्ल बदलने पर 44.78 करोड़ रुपये खर्च किए गए। सूत्रों का दावा था कि दस्तावेज में 9 सितंबर, 2020 से जून, 2022 के बीच 6 बार में राशि खर्च की गई।

# मोदी जी अगर चाय बेचते थे तो मैं भी मजदूरी करता था : खड़गे

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को हजारीबाग जिले के मांडू और रांची जिले के कांके में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी और पीएम नरेंद्र मोदी पर तीखे जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा कि बीजेपी के विचार सड़े हुए हैं। इनका काम झगड़ा लगाने का है। ये लोग बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दे रहे हैं, पर, बांटने वाले भी तुम हो और काटने वाले भी तुम ही हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी पर उनके बारे में झूठ बोलने और गलतबयानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी कल झारखंड में थे।

हमने सुना कि उन्होंने मेरे बारे में कहा कि हम अपने वादे पूरे नहीं कर रहे। हमने कर्नाटक में झूठी गारंटी दी। मैं मोदी जी को चुनौती देता हूं कि बेंगलुरू आकर मुझसे खुली बहस कर लें। हम हिसाब देंगे कि हमने कर्नाटक की जनता को जो पांच गारंटियां दी थी, उन्हें पूरा कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकारें जो कहती हैं, वह करके दिखाती हैं। दूसरी तरफ भाजपा वाले जो कहते हैं,



वह करते नहीं और जो कुछ करते हैं तो गलत करते हैं। खड़गे ने कहा कि मोदी जी और अमित शाह सिर्फ झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा था कि काला धन लाकर सबकी जेब में 15 लाख डालूंगा। यह किसी को मिला क्या? अमित शाह से एक पत्रकार ने पूछा था तो उन्होंने कह दिया था कि वह चुनावी जुमला था। इसी तरह इन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। इस हिसाब से 10 साल में 20 करोड़ लोगों को नौकरियां मिलनी चाहिए थी, पर मिली क्या? किसानों की आमदनी दोगुनी करने से लेकर एमएसपी तक के इनके वादे झूठे निकले।

# जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसदों ने की स्पीकर बिरला से मुलाकात- चेयरमैन जगदंबिका पाल के खिलाफ की शिकायत

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को लेकर बनाई गई जेपीसी की बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच लगातार जारी तकरार अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तक पहुंच गई है। जेपीसी में शामिल कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, आप और सपा के विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल के व्यवहार की शिकायत की है। बताया जा रहा है कि विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान यह आरोप लगाया है कि जेपीसी के चेयरमैन मनमाने तरीके से जेपीसी की बैठकें बुला रहे हैं और ऐसे लोगों एवं संगठनों को जेपीसी की बैठक में पक्ष रखने का मौका दिया जा रहा है जो इस मामले के स्टेकहोल्डर्स ही नहीं है। विपक्षी सांसदों का यह भी आरोप है कि एक तरफ ऐसे लोगों और संगठनों को लगातार बोलने का मौका दिया जा रहा है जिनका वक्फ से कोई लेना-देना नहीं है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्षी सांसदों को तैयारी करने और बोलने का उचित मौका नहीं दिया जा रहा है।

स्पीकर बिरला से मुलाकात करने के बाद 'आप' सांसद संजय सिंह ने बताया कि विपक्षी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर, जेपीसी की बैठकों में आ रही समस्याओं की जानकारी उन्हें दी। सिंह



ने दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों को सभी मुद्दों पर विचार-विमर्श कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर जगदंबिका पाल पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर चेयरमैन की मनमानी जारी रही, एकपक्षीय फैसला हुआ और उन्हें अपनी बात रखने का उचित मौका नहीं दिया गया तो वे जेपीसी से ही अपना नाम वापस ले लेंगे। विपक्षी सांसदों ने बिरला को लिखे पत्र में पाल पर मनमाने तरीके से लगातार जेपीसी की बैठकें बुलाने और विपक्षी सांसदों को तैयारी करने का पर्याप्त मौका नहीं देने सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे। विपक्षी सांसदों ने अपने पत्र में लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात का समय भी मांगा था। इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए स्पीकर बिरला ने मंगलवार को विपक्षी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की।

हालांकि मीडिया से बात करते हुए जगदंबिका पाल लगातार विपक्षी सांसदों के तमाम आरोपों को खारिज करते हुए कह रहे हैं कि जेपीसी का गठन ही बड़े पैमाने पर तमाम स्टेकहोल्डर्स के साथ विचार-विमर्श करने के लिए किया गया है। इसलिए जेपीसी की बैठक लगातार हो रही है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले विपक्षी सांसद भी इन बैठकों में लगातार शामिल हो रहे हैं और बतौर चेयरमैन वह उन्हें बोलने का पर्याप्त अवसर भी दे रहे हैं।

इस बीच जेपीसी की बैठक मंगलवार, 5 नवंबर को भी जारी रही। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद और अन्वेषक के प्रतिनिधियों ने जेपीसी की बैठक में अपनी-अपनी बात रखी है। वहीं दाऊदी- वोहरा समाज की तरफ से वरिष्ठ एडवोकेट हरीश साल्वे वक्फ (संशोधन) बिल पर अपनी बात रख रहे हैं।

# भारतीयों की सुरक्षा, सम्मान और आस्था का रखा जाए ख्याल : मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को रद्द करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया और कहा कि पूरे कानून को रद्द करने की जरूरत नहीं। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, मदरसों को लेकर कई तरह के सवाल समय-समय पर उठते रहे हैं, उसको लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला दिया था। अब उस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। निश्चित तौर पर उस निर्णय के बाद उत्तर प्रदेश सरकार अब आगे क्या कदम उठाएगी, वह देखना होगा। उन्होंने आगे कहा, ₹जहां तक मदरसों को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ जोड़ने



का सवाल है। ऐसे में मदरसों की विश्वसनीयता को मजबूत और कायम करना यह भी प्राथमिकता होनी चाहिए। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में एक भारतीय वाणिज्यिक कैंप पर हुए हमले को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, कनाडा में जो घटना हुई, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। सरकार ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है और वहां जहां हमारे भारतीय रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा, सम्मान और आस्था का ख्याल रखा जाना चाहिए। इस दिशा में हमेशा हमारी सरकार और भारत के लोग तत्पर रहे हैं, लेकिन, अफसोस की बात है की विपक्ष के लोग छोटी-छोटी बातों पर हंगामा करते हैं, वह ऐसे संवेदनशील मामलों पर खामोश हो जाते हैं और लीपापोती करने लग जाते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कनाडा हमले की कड़ी निंदा की और इसे कायराना प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि भारत कनाडाई अधिकारियों से न्याय और कानून के पालन की उम्मीद करता है। उनके बयान में कहा गया कि ये हिंसक गतिविधियां भारत के दृढ़ संकल्प को कमजोर नहीं कर सकती।

# पत्नी और तीन बच्चों के कत्ल से दहली काशी परिवार को खत्म करने के बाद आरोपी पति फरार

**वाराणसी।** चार लोगों की गोली मारकर हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर भेलूपुर थाने की पुलिस भी पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आसपास के लोगों से परिवार के बारे में पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी पति किसी तांत्रित के संपर्क में था।

वाराणसी के भदैनी इलाके में एक युवक ने पत्नी और तीन बच्चों की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर छोड़ कर भागा हुआ है। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। सूचना पाकर फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड के साथ भेलूपुर थाने की पुलिस मौके पर है। भदैनी स्थित पॉवर हाउस के सामने की गली में राजेंद्र गुप्ता अपनी पत्नी नीतू, बेटी गौरांगी और बेटों नवनेंद्र





व सुबेंद्र के साथ रहता था। मंगलवार को पड़ोसियों ने राजेंद्र के घर का दरवाजा खुला नहीं देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और राजेंद्र के घर गई तो नीतू अपने तीनों बच्चों के साथ खून से लथपथ मृत पड़ी थी। वहीं, राजेंद्र घर से गायब था।

प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि राजेंद्र किसी तांत्रिक के संपर्क में था। तांत्रिक का कहना था कि उसकी प्रगति की राह में उसकी पत्नी और बच्चे बाधक हैं। इसी वजह से राजेंद्र ने पत्नी और बच्चों की हत्या की है। पुलिस राजेंद्र के साथ ही तांत्रिक की भी तलाश शुरू कर दी है।

#### आरोपी पहले भी कर चुका है कई मर्डर

राजेंद्र हत्या के मामलों में पहले भी जेल में रह चुका है। उसके मकान में तकरीबन 20 किरायेदार रहते हैं। वह देसी शराब ठेका का संचालक भी है। दूसरी तरफ, पुलिस और जानकारी इकट्ठा करने के लिए पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि 20 वर्ष पहले भी आरोपी राजेंद्र गार्ड के साथ कई हत्याएं कर चुका है। वह जेल में सजा काटकर आया है। यह उसकी दूसरी पत्नी थी। वहीं, मौके पर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल भी पहुंच गए।

पूछताछ के साथ ही भेलूपुर पुलिस आरोपी राजेंद्र गुप्ता का और इतिहास खंगाल रही है। यह भी पता किया जा रहा है कि वह तांत्रिक कौन था जिससे राजेंद्र मिलता-जुलता था। उधर, पत्नी और तीन बच्चों की हत्या के आरोपी राजेंद्र गुप्ता का शव रोहनिया थाना क्षेत्र के एक गांव में मिलने की सूचना मिलने लगी। खबर लिखे जाने तक पुलिस मौके पर पड़ताल करने पहुंची थी।

राजेंद्र गुप्ता की लाश मीरापुर लठिया स्थित अर्धनिर्मित एक मकान में मिला है। मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। वह यहां कैसे आया, इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# गाजियाबाद से अखिलेश का कार्यकर्ताओं को सीधा संदेश, यहां मिली जीत तो जीतेंगे 9 की 9 सीटें





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विधानसभा उपचुनाव की सीटों में परिवर्तन हुआ है तो इसे नकारात्मक ना लेकर अखिलेश यादव सकारात्मक लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि मतदान की तारीख बदलने का सीधा संदेश है कि भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल डरे हुए हैं। उनको इस बात का खतरा है कि कहीं यूपी की हवा का असर महाराष्ट्र के चुनाव में ना पड़े। अखिलेश यादव इस दौरान बेहद अटैकिंग मोड में रहे। उन्होंने कहा है कि अगर गाजियाबाद के लोगों ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का साथ दिया तो गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में सपा की जीत होगी। उन्होंने कहा अगर गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी की जीत होती है तो उत्तर प्रदेश की सभी 9 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी सपा गठबंधन की विजय होगी। अखिलेश यादव ने इस दौरान यह भी कहा कि जब वह 2024 के चुनाव में गाजियाबाद आए थे तो राहुल गांधी उनके साथ थे और जिस तरीके का प्रदर्शन लोकसभा चुनाव में सपा कांग्रेस गठबंधन ने किया है वह किसी से छुपा नहीं है।

## कार्यकर्ताओं के जोश से खुश दिखे अखिलेश यादव

**करंट क्राइम।** विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंचे अखिलेश यादव का जोश उनसे ज्यादा कार्यकर्ताओं में दिखाई दे रहा था। कार्यकर्ता अखिलेश यादव के मंच पर पहुंचते ही उत्साहित हो गए और लगातार 'जय-जय-जय अखिलेश' के नारे लगाने लगे। अखिलेश यादव ने उनका अभिवादन स्वीकार किया और मुस्कुराते हुए उन्हें बैठने का इशारा किया। इसके बाद जब अखिलेश उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया चयन प्रक्रिया पर हमला बोल रहे थे। तो कार्यकर्ता अखिलेश जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। अखिलेश यादव ने जिस दौरान यह कहा कि अभी सरकार को यह पता ही नहीं है कि वह 2 साल रहेगी भी या नहीं। इस पर भी जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने उनका समर्थन किया। कार्यकर्ताओं और वहां कार्यकर्ता सम्मेलन के रूप में शामिल हुए पार्टी पदाधिकारियों को देख अखिलेश का फेस बता रहा था कि वह अपने पदाधिकारियों के जोश से खुश हैं।





## गठबंधन के चारों अध्यक्षों ने किया अखिलेश यादव का स्वागत

**करंट क्राइम।** अखिलेश यादव का मंच पर गठबंधन के चारों ही अध्यक्षों ने स्वागत किया। इसमें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, तो महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के साथ ही डॉली शर्मा और अमरपाल शर्मा, सिकंदर यादव, विशाल वर्मा ने अखिलेश यादव को बड़ी माला पहनने का काम किया। तो वहीं पुष्प कुछ देकर स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष कांग्रेस विनीत त्यागी और महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी के साथ ही कई अन्य नेता शामिल रहे।

# सपा नेता अभिषेक गर्ग का मैनेजमेंट रहा फाइन, प्रतीक चिह्न देकर किया स्वागत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अखिलेश यादव मंगलवार को गाजियाबाद विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम का स्थल इम्पीरियल गार्डन फार्म हाउस था। यह प्रांगण समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग का है। अभिषेक गर्ग द्वारा यहां बेहतर ढंग से मंच से लेकर मंच के पीछे तक की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही अखिलेश यादव की एंट्री से लेकर उनके कार्यकर्ताओं से मिलने के स्थान को भी बेहद हाईटेक अंदाज में बनाया गया था। अखिलेश यादव के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी फार्म हाउस के अंदर दो बड़ी एलइडी स्क्रीन पर लाइव चलाई जा रहा था। ताकि अखिलेश यादव जो संदेश कार्यकर्ताओं और पार्टी के पदाधिकारी को देना चाहते हैं वह उन तक पहुंचाने का काम कर सके। इस दौरान अखिलेश यादव जब हिंडन एयर पोर्ट से उतरने के बाद सड़क मार्ग से गोविंदपुरम पहुंचे। तो पहले उनका हापुड़ चुंगी पर जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान जब वह इम्पीरियल गार्डन फार्महाउस पहुंचे तो यहां अभिषेक गर्ग ने अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। उनको प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने भी अभिषेक गर्ग से हंसमुख अंदाज में मुलाकात की और आगामी विधानसभा उपचुनाव में पूरी तरीके से सक्रिय रहने का निर्देश भी देकर गए।



## अभिषेक गर्ग ने परिवार संग किया अखिलेश यादव का स्वागत

**करंट क्राइम।** पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव इम्पीरियल फार्महाउस पहुंचे थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख वैश्य नेता अभिषेक गर्ग और उनके पूरे परिवार व साथियों ने अखिलेश यादव का स्वागत किया। अखिलेश यादव का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से अभिषेक गर्ग के पिता महेश चंद गर्ग, माता अरुणा गर्ग, चाची सुषमा गर्ग, बड़े भाई अनुराग गर्ग, अभिषेक गर्ग के शिव गर्ग, भतीजे शौर्य व अवि गर्ग के साथ ही उनके पारिवारिक मित्र व बड़े भाई दैनिक करंट क्राइम के प्रधान संपादक मनोज गुप्ता, राघव मिश्रा, व धमेन्द्र सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान अभिषेक गर्ग के पिता महेश चंद गर्ग ने अखिलेश यादव का हाल-चाल भी जाना।

# मंच पर दिखाई दिया अमरपाल शर्मा का सियासी जादू

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। वो सियासत के उन योद्धाओं में गिने जाते हैं जिन्होंने अपनी सियासी टीआरपी का मुलाहिजा समय-समय पर पेश किया है। वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे पहले विधायक हैं। वो बेस्ट एमएलए के अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को भगवा गढ़ में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उतारकर जीत दिलाई और भाजपा को हराया। सबसे खास बात ये है कि वो राजनीति के मानकों पर फिट होकर राजनीतिक करते हैं। यही वजह है कि उन्हें सियासत के बड़े चेहरे अपने पास बैठाते हैं।

मंगलवार को जब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गाजियाबाद आए तो मंच पर उनसे गुफ्तगू का ये पंच दिखाई दिया। यहीं से ये भी तय हो गया कि शहर विधानसभा में गठबंधन का टिकट क्यों पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का बताया जा रहा है और ये भी सबने देखा कि कौन किसके निकट है। अमरपाल शर्मा जब मंच पर पहुंचे तो उन्हें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बराबर में स्थान भी मिला और अखिलेश यादव से उनकी गुफ्तगू का ये अंदाज यह बताने के लिये काफी है कि अमरपाल शर्मा का सियासत में क्या कद है। मंगलवार को जब मंच पर कांग्रेस और सपा के नेता मौजूद थे तब इस सम्मेलन में अमरपाल शर्मा छाये रहे।

## अखिलेश यादव ने की जब उनसे इस अंदाज में गुफ्तगू



## सियासत की जबरदस्त पारी खेल चुके हैं अमरपाल शर्मा

**करंट क्राइम।** अमरपाल शर्मा सियासत की एक लंबी पारी खेल चुके हैं। वो चुनावी खिलाड़ी हैं और उनकी सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो ये जानते हैं कि चुनौतियों से मुकाबला कैसे करना है। वो विधायक रह चुके हैं उनकी पत्नी मौजूदा समय में खोड़ा नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन हैं। हाल ही में अमरपाल शर्मा ने बागपत लोकसभा से चुनाव लड़ा था। वो राजनीति के उन चेहरों में हैं जो सियासत की नब्ज पर पकड़ रखते हैं। अपनी बिरादरी पर उनकी मजबूत पकड़ है और सबसे खास बात ये है कि वो हर वर्ग में लोकप्रिय हैं। वो जानते हैं कि कार्यकर्ता को सम्मान देना है और अपने समर्थक के लिये आधी रात में भी मौजूद रहना है। अमरपाल शर्मा का सियासी अंदाज उन्हें लोकप्रिय बनाता है।

# अब शुरू हो जाएगा रोड शो और जनसभाओं का सिलसिला

## पब्लिक का रुझान बताएगा किस चेहरे को कितना माइलेज मिला

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव की तारीख बढ़ गई है और इसी के साथ अब तस्वीर का एक पहलू ये भी है कि यहां उम्मीदवारों को अब अपनेबड़े चेहरों को बुलाने का समय मिल गया है। अब वो एक से अधिक चेहरों को बुला सकते हैं, रोड शो कर सकते हैं, जनसभाएं करा सकते हैं। चुनाव की तारीख में इजाफा होने के बाद अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या शहर वाले उपचुनाव में मुख्यमंत्री आठ नवंबर को ही आएंगे या फिर ये डेट आगे बढ़ेगी। क्या उपचुनाव में बसपा की रैली होगी, क्या आजाद समाज पार्टी के चीफ एक बार फिर से अपने उम्मीदवार की उम्मीदों को मजबूती देने आएंगे। गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस और सपा के कौन-कौन से नेता आएंगे। भाजपा के लिये क्या कोई और चेहरा भी जनसभा करेगा। ये तमाम वो सवाल है जो अब चुनावी माहौल से जुड़कर चलेंगे। अब रोड शोक और जनसभाओं का सिलसिला शुरू हो जाएगा। किसी चेहरे की टीआरपी का उसके दल के उम्मीदवार को कितना माइलेज मिला ये पता चलेगा। हालांकि चुनाव एक हफ्ता आगे बढ़ गया है और इस बढ़े हुए समय को कौन सा दल सकारात्मक तरीके से अपने पक्ष में इस्तेमाल करता है ये देखने की बात है।

## क्या फिर लौटेंगे चुनाव प्रचार में अखिलेश और भीम आर्मी के चंद्रशेखर





**करंट क्राइम।** मंगलवार को शहर विधानसभा में प्रचार के लिये दो बड़े चेहरे गाजियाबाद में मौजूद थे। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने सम्मेलन के जरिए सरकार पर निशाना साधा और वो कार्यकताओं को चुनावी संजीवनी देकर गए। वहीं दूसरी तरफ आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और भीम आर्मी के चीफ तथा नगीना से लोकसभा सांसद चंद्रशेखर भी मंगलवार को गाजियाबाद में मौजूद थे। उन्होंने लाइनपार इलाके यानी विजयनगर में कई स्थानों पर रोड शो किया। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगे।

## क्या स्टार प्रचारकों की भी होगी चुनाव प्रचार में आमद

**करंट क्राइम।** अब जब एक हफ्ता अतिरिक्त मिला है तो यहां चुनाव में स्टार प्रचारकों की आमद पर भी नजर रहेगी। क्या बसपा के स्टार प्रचारक चेहरे के रूप में आकाश आनंद यहां आएंगे। क्या उनका कोई रोड शो निकलेगा। क्या अखिलेश यादव के अलावा सपा के अन्य चेहरें यहां फिर से प्रचार के लिए लौटेंगे। क्या भाजपा के स्टार प्रचारकों की टोली शहर के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के लिये वोट मांगेंगी। क्या कांग्रेस के किसी स्टार प्रचारक चेहरे के दीदार इस चुनाव प्रचार में होंगे।

# दूसरे दिन भी नहीं हुआ गाजियाबाद कचहरी में कामकाज

## वकीलों के समर्थन में कचहरी पहुंचे आजाद समाज पार्टी के मुखिया और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद

### वकीलों ने कचहरी का मुख्य मार्ग किया बंद बढ़ी परेशानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जारी हड़ताल खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को भी गाजियाबाद में अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। कचहरी का मुख्य मार्ग वकीलों ने बंद कर दिया। जिसके बाद पुलिस और जिला जज के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही कोर्ट जाने वाले लोगों और पुलिसकर्मियों को भी वहां से बैरंग भेज दिया गया। वकीलों की हड़ताल के चलते पुलिस मुख्यालय के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। तो वहीं मंगलवार शाम को सांसद चंद्रशेखर आजाद भी अपना समर्थन देने वकीलों के बीच पहुंचे थे। आजाद समाज पार्टी के मुखिया और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद मंगलवार शाम को गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने आंदोलनकारी अधिवक्ताओं से मुलाकात की और अपना पूरा समर्थन देने की बात की है। बता दें कि चंद्रशेखर खुद भी अधिवक्ता हैं और इन दिनों पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में गाजियाबाद के वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों का आंदोलन चल रहा है। उधर गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार आंदोलन लंबा चलने के असर हैं। वहीं अब अधिवक्ता आने वाले दिनों में जिला जज के काम को रोकने का भी काम करेंगे।







### वकीलों ने रास्ता किया बंद, आना-जाना हुआ मुश्किल

**करंट क्राइम।** आंदोलनकारी वकीलों ने मंगलवार को कचहरी मार्ग को बंद करने के लिए मेन रोड पर गेट बंद कर दिया और ताला डाल दिया। मंगलवार को यह गेट बंद होने के कारण लोग पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस के बगल से आ जा नहीं सके। वहीं कचहरी मार्ग से रास्ता कलेक्ट्रेट में भी जाता है, हालांकि कलेक्ट्रेट का दूसरा में गेट खुला हुआ था लेकिन कचहरी मार्ग बंद होने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हुई। वहीं जो लोग कोर्ट में अन्य किसी काम से अंदर जाना चाहते थे, उनको भी आने-जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

### गाजियाबाद बार ने कहा जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बैनर तले गाजियाबाद के अधिवक्ताओं का धरना मंगलवार को दूसरा दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने दिनभर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और जिला जज व लाठीचार्ज के दोषी पुलिस अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई करने की मांग दोहराई है। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया है कि अधिवक्ताओं ने मांगे पूरी न होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल का मन बना लिया है। अब अधिवक्ता मांगे मांगे जाने से पहले पीछे नहीं हटेंगे।

## संपादकीय

# खानपान में सावधानी

हमारे देश में खाने-पीने में लापरवाही के कारण मोटापा, डायबिटीज, दिल की बीमारियां जैसे गैर-संचारी रोगों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. राष्ट्रीय पोषण संस्थान के ताजा दिशा-निर्देश में रेखांकित किया गया है कि भारत में बीमारियों के कुल बोझ के 56.4 प्रतिशत हिस्से की वजह खानपान पर ठीक से ध्यान नहीं देना है. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अंतर्गत कार्यरत इस संस्थान ने इस संबंध में विस्तृत सुझाव दिये हैं. तेरह साल के अंतराल के बाद आये इस दिशा-निर्देश पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए. इस दस्तावेज में बताया गया है कि अगर स्वास्थ्यकर भोजन लिया जाए और शारीरिक रूप से सक्रिय रहा जाए, तो हृदय रोगों, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज जैसी कई मुश्किलों के जोखिम को बहुत हद तक कम किया जा सकता है. ये बीमारियां असमय मौतों का सबसे बड़ा कारण हैं।

उल्लेखनीय है कि कैंसर के तेजी से बढ़ने के पीछे भी नुकसानदेह भोजन बड़ा कारण है. शहरीकरण और रोजगार के बदलते स्वरूप ने हमारी जीवनशैली को व्यापक रूप से प्रभावित किया है. हमारे भोजन में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का हिस्सा बढ़ता जा रहा है. पोषण संस्थान ने बताया है कि ऐसे खाद्य पदार्थों में विभिन्न प्रकार की चीनी और वसा की मात्रा अधिक होती है. इनके अधिक सेवन तथा कम व्यायाम एवं खाने-पीने की विविध चीजों तक सीमित होती पहुंच से पोषक तत्वों की कमी होती है, जिसका नतीजा मोटापा और अन्य समस्याओं के रूप में हमारे सामने आता है. आम तौर पर हमें हर दिन 20-25 ग्राम चीनी खाना चाहिए. प्राकृतिक कार्बोहाइड्रेट वाली चीजों से शरीर जरूरत भर चीनी निकाल लेता है. संस्थान ने नमक, तेल एवं वसा के कम उपभोग की सलाह भी दी है. एक ओर बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो व्यायाम, खेल-कूद, टहलने, तैरने जैसी गतिविधियों से दूर रहते है।

इस रवैये से वे बीमारियों को आमंत्रित करते हैं. दूसरी ओर, हमारे देश में जिम कल्चर भी बढ़ रहा है, जो स्वागतयोग्य है. पर मांसपेशियां बनाने के उत्साह में कई लोग, विशेषकर युवा, प्रोटीन सप्लीमेंट लेने लगते हैं. पोषण संस्थान ने रेखांकित किया है कि स्वस्थ युवाओं को इससे मामूली लाभ ही होता है, पर यह हड्डियों में खनिज के क्षरण तथा किडनी के नुकसान का कारण बन सकता है. हमें अनाज, मोटे अनाज, दाल, मांस, सब्जी, मेवे, फल, दूध आदि के संतुलित सेवन से समुचित पोषण ग्रहण करना चाहिए. लंबे समय से चिकित्सक और पोषण विशेषज्ञ स्वास्थ्यवर्धक भोजन और कसरत पर जोर देते रहे हैं. विभिन्न अध्ययन भी सामने आते रहते हैं. इसके बावजूद अधिकतर लोग लापरवाह जीवनशैली के दायरे से बाहर नहीं आ पाते. पोषण संस्थान के दिशा-निर्देश शोधों और समीक्षाओं पर आधारित हैं. हम सभी को इन सुझावों पर गंभीरता से अमल करना चाहिए।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार होगा तो देश की भावी पीढ़ी से ईमानदारी और शिष्टाचार की उम्मीद करना बेमानी

कर्मवीर नागर प्रमुख



- आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला न दिला पाने के मूल में भी छिपा है भ्रष्टाचार।
- भ्रष्टाचार की वजह से नियम, कायदे और कानूनों को लागू करने के लिए शिक्षा अधिकारी नहीं बना पाते हैं दबाव।

जिस देश और प्रदेश के शिक्षा विभाग में ही आकंठ भ्रष्टाचार व्याप्त हो, जहां से इस देश की भावी पीढ़ी शिक्षा- दीक्षा लेकर देश को प्रगति के पथ पर ले जाने का काम करेंगी तो ऐसे में उस देश को विश्व गुरु बनने की बातें अभी तो काल्पनिक ही साबित होती नजर आती हैं। देश के जो युवा कर्णधार शैक्षिक जीवन के प्रारंभिक दौर में ही शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को देख रहे हों तो उनसे ईमानदार और शिष्टाचारी होने की उम्मीद रखना बेमानी नजर आती है। जिसने रिश्वत के बल पर गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को संचालित होते देखा हो, जिसने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निजी शिक्षण संस्थाओं के हाथों की कठपुतली बनते देखा हो, जिन्होंने आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूलों द्वारा दाखिला न देने पर भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बेचारगी देखी हो, जिसने निजी स्कूलों को सरकार के शुल्क नियामक अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए देखा हो, जिसने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की निजी स्कूलों के साथ सांठ-गांठ के बूते संचालित गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़कर बोर्ड परीक्षा का आवेदन फॉर्म मान्यता प्राप्त स्कूलों को रिश्वत देकर भरने का स्वयं अनुभव प्राप्त किया हो, जिसने स्कूलों की मान्यता प्रदान करने के लिए भी शिक्षा अधिकारियों को रिश्वत लेने की बातें सुनी हों, जिसने एडिड स्कूलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने की बातें सुनी हों, जिसने सरकार की तरफ से स्कूलों को विभिन्न मदों में प्राप्त होने वाली धनराशि से कमीशन खोरी की बंदरबांट होते देखी हो तो शायद ऐसे में देश की उस नई पीढ़ी और कर्णधारों पर तब तक उंगली उठाना उचित नहीं होगा जब तक सरकारें शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा देती।

अगर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग पर ही नजर डालें तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि शिक्षा सत्र के प्रारंभ में गैर मान्यता स्कूलों के विरुद्ध कार्यवाही करने का ढोल पीटने वाले शिक्षा विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के शरण में आते ही वर्ष भर के लिए चिरनिद्रा में चले जाते हैं। शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का आलम यह है कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना तो बहुत दूर की बात है, शिक्षा विभाग के अधिकारी उस तरफ आंख उठाकर देखना भी मुनासिब नहीं समझते। यहां तक कि जो शिक्षण संस्थाएं मान्यता के लिए आवेदन करती हैं उन्हें भी मजबूरन भ्रष्टाचारी रास्ते से गुजरना पड़ता है अन्यथा मान्यता फाइलें डम्प कर दी जाती हैं।

अगर उदाहरण के तौर पर जनपद गौतम बुद्ध नगर के शिक्षा विभाग पर नजर डालें तो वर्तमान में जिला स्तरीय दोनों शिक्षा अधिकारियों की तैनाती के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब किसान और गरीबों के बच्चों को नामचीन निजी शिक्षण संस्थानों में सरकारी रियायतों का लाभ मिल सकेगा। लेकिन पुराने ढर्रे पर चल पड़े शिक्षा विभाग के इन दोनों अधिकारियों से भी अब लोगों को निराशा ही हाथ लगती नजर आ रही है। बहरहाल जो भी है इन अधिकारियों का निजी स्कूलों पर सरकारी आदेशों का अनुपालन कराने हेतु कोई खासा दबाव और प्रभाव अभी तक नजर नहीं आया है। इसीलिए तो गौतमबुद्ध नगर का शिक्षा विभाग आरटीई के तहत गरीब बच्चों को दाखिला दिलाने एवं उत्तर प्रदेश सरकार के शुल्क नियामक अधिनियम को लागू कराने में लाचार नजर आ रहा है।

गौतम बुद्ध नगर में जहां सीबीएसई और यूपी बोर्ड की बगैर मान्यता के प्राइमरी स्कूल संचालित करने वाले और हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की खुलेआम कक्षाएं संचालित करने वालों की भरमार है वहीं गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों से मोटी धनराशि लेकर हाई स्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा के आवेदन फॉर्म भरने वालों की भी संख्या बहुतायत में है। इस बात को कतई नहीं नकारा जा सकता कि यह बात शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जानकारी में न हो। लेकिन नियम, कायदे और कानूनों की शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई अनदेखी को अब तो बस यह कहकर इतिश्री कर दी जाती है कि हमाम में सब नंगे हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है कि सरकारी एक्ट और नियमों का उल्लंघन करने के बावजूद भी निजी शिक्षण संस्थाओं पर शिक्षा अधिकारियों का कोई खौफ और दबाव नजर नहीं आता अन्यथा पुराने समय में सरकारी स्कूलों में शिक्षा पाए लोगों ने वह दिन भी देखे हैं जब शिक्षा विभाग का डिप्टी स्तर का अधिकारी किसी स्कूल का निरीक्षण करने पहुंच जाता था तो तहलका मच जाया करता था। लेकिन आज किसी मंत्री के आने पर भी बहुत ज्यादा हलचल नजर नहीं आती। इसीलिए शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की वजह से देश का भविष्य संवारने वाली भावी पीढ़ी का ईमानदार और शिष्टाचारी होना भी संदेहास्पद नजर आने लगा है।

उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग में व्याप्त इस भ्रष्टाचार को खत्म करना इसलिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि दशकों के लंबे संघर्षों और न्यायिक प्रक्रिया के बाद उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मंदिर का निर्माण करने में भले ही हम सफल हो गए हों लेकिन सही मायने में इस मंदिर निर्माण का असली लक्ष्य तभी पूरा होगा जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान के चरित्र में समाहित ईमानदारी, त्याग, तपस्या, धैर्य और आज्ञाकारी जैसे सद्गुणों का पाठ पढ़कर भावी पीढ़ी ईमानदारी और शिष्टाचार के मार्ग पर चलना प्रारंभ करेगी जिसमें उत्तर प्रदेश का शिक्षा विभाग महती भूमिका निभा सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह उस शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति के बाद ही संभव हो सकेगा जहां से भावी पीढ़ी की प्रथम शिक्षा-दीक्षा और चरित्र निर्माण की शुरुआत होती है।

## छठ पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान : कैट

**नई दिल्ली।** करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के बाद अब देश में चार दिवसीय छठ की शुरूआत हो रही है। त्योहारी सीजन में बिक्री पर नजर रखने वाले कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से छठ पर्व पर अपेक्षित बिक्री के आंकड़े जारी किए गए हैं। कैट के अनुसार, इस साल छठ पर पूरे देश में 12,000 करोड़ रुपये का व्यापार होगा। इसके अलावा, करीब 15 करोड़ लोग छठ पूजा से जुड़े अनुष्ठानों में भाग लेंगे। विशेष रूप से बिहार और झारखंड के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला यह पर्व दिल्ली में हर वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।



दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों की अच्छी-खासी आबादी है, जो कि चांदनी चौक, सदर बाजार, मॉडल टाउन, अशोक विहार, शालीमार बाग, पीतमपुरा, रानी बाग, उत्तम नगर, तिलक नगर में बसती है। इसके अलावा, दिल्ली के कई दूसरे इलाकों में भी छठ के दौरान खरीदारी के लिए खास कर पूजा से जुड़े सामान के लिए लोग बाजारों की तरफ रुख कर रहे हैं। बिहार, झारखंड और दिल्ली के अलावा, देश के कई दूसरे राज्यों में इस पर्व की चकाचौंध देखने को मिल रही है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि बिहार और झारखंड के अलावा छठ पूजा पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, विदर्भ और मध्य प्रदेश में भी बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने छठ पर्व की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, ₹छठ पूजा केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सामाजिक एकता और समर्पण को दशार्ता है। यह व्यापार को भी बढ़ावा देता है और स्थानीय उत्पादकों को सीधा लाभ देता है, जो पीएम नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। कैट के अनुसार, छठ के इस महापर्व पर लोग मिठाइयों, फल और सब्जियों की सबसे ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। इसके अलावा, पूजा के लिए बांस की टोकरियां, केले के पत्ते, गन्ना जैसी चीजों की भी जरूरत बनी हुई है। जिसकी वजह से इन सभी चीजों की भारी मांग देखी गई है। इस पर्व के दौरान लोग नए वस्त्रों की भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इसलिए साड़ी, लहंगा-चुन्नी, सलवार-कुर्ता, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, धोती जैसे पारंपरिक परिधानों की खूब खरीद हो रही है। छठ पूजा के लिए परिधानों की इस खरीदारी का स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्योगों को फायदा मिल रहा है। छोटे पैमाने पर बनाए जाने वाले हस्तनिर्मित सामानों की भी अच्छी बिक्री हो रही है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

शादीशुदा महिला- पंडितजी, मेरे पति हमेशा मुझसे लड़ते रहते हैं। घर की सुख-शांति के लिए कौन-सा व्रत रखूं?
पंडितजी- मौन व्रत रखो बेटा, सब बढ़िया होगा!

---

पति पत्नी में जमकर झगड़ा हुआ। पति दुखी होकर एक सत्संग में चला गया। वापस आया तो पत्नी ने पूछा- कहां गए थे।
पति बोला- प्रवचन सुनने।
पत्नि बोली- कुछ असर पड़ा या नहीं।
पति कुछ नहीं बोला और अपनी पत्नी को गोद में उठा लिया।
पत्नी शरमाते हुए बोली- क्या प्रवचन में रोमांस करने के लिए कहा है?
पति (लंबी सांस छोड़ते हुए)- नहीं, महात्मा जी का कहना है कि अपने दु:ख खुद उठाओ

## रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## 06 11 2024 करंट क्राइम

# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन


बॉबी सिम्हा
अभिनेता


अलीजा गौतम


विराट शर्मा


सोनिया वर्मा


अंजू पंसारी


सुषमा गौर


डॉली गोयल


प्रीति धीमन


आंचल अग्रवाल


वसन्त पावड़े


चंद नारायण राही


नौमान सैफी


गौरव शर्मा


आशु वशिष्ठ


मनोज श्रीवास्तव


ब्रिजेश श्रीवास्तव


अविनाश ओझा


अंकित पाठक


अंकित गिरि


जयप्रकाश श्रीवास्तव


शक्ति नेहरा


विधान त्यागी


नीतिन पंडित


संजीव तिरहान


मोहित शर्मा


अरमान मलिक

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# बर्थडे स्पेशल: रिकॉर्डों के 'बादशाह' और चेज मास्टर विराट कोहली का बल्ला क्यों हो गया खामोश



**नई दिल्ली ।** कौन जानता था कि वेस्ट दिल्ली के गलियारे से निकला एक लड़का, विश्व क्रिकेट में अपनी ऐसी छाप छोड़ेगा कि हर कोई उसका मुरीद बन जाएगा।

आज, बेशक किंग कोहली और उनकी बल्लेबाजी की आलोचना हो रही हो, लेकिन वो समय मत भूलिए जब इस खिलाड़ी ने अकेले ही विरोधी टीमों को पछाड़ दिया था। चाहे बात रिकॉर्ड की हो या 'चेज मास्टर' की, टीम इंडिया की नजर सबसे पहले विराट कोहली की तरफ ही जाती है, क्योंकि कई वर्षों तक वो हर फॉर्मेट में टीम के 'पालनहार' रहे।

विराट आज भारतीय क्रिकेट की ताकत ही नहीं बल्कि उसके विरोधियों के लिए सबसे बड़ी आफत भी हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी आज 36 साल का हो चुका है और अपने करियर के अंतिम दौर में है।

चाहे खेल का फॉर्मेट कोई भी हो विराट के नाम ऐसे कई रिकॉर्ड हैं जिन्हें तोड़ना मुश्किल है। सचिन के शतकों के शतक की जब बात होती है तो सिर्फ विराट का ही नाम सामने आता है जो इस रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब हैं।

वो एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने एक कैलेंडर ईयर में दो बार 11-11 शतक जड़े हैं। जबकि, आईपीएल के एक सीजन में सर्वाधिक 973 रन बनाने का रिकॉर्ड भी विराट कोहली के नाम है।

विराट कोहली के 36वें जन्मदिन पर दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसक उनकी कुछ बेहतरीन पारियों को याद करके जश्न मना रहे हैं।

जिन्होंने उनके शानदार करियर को आकार दिया है। अपनी बेजोड़ निरंतरता, कड़ी प्रतिस्पर्धा और दबाव में शानदार प्रदर्शन के लिए माने जाने वाले कोहली ने कई अविस्मरणीय पारियां खेली हैं।


उनके नाम कई ऐसी बेहतरीन पारियां है, जो उनकी महारत को दशार्ती हैं और क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में उनकी जगह को मजबूत करती हैं।

हालांकि, अपने करियर के अंतिम दौर में विराट संघर्ष करते नजर आए हैं। लेकिन इससे पहले भी वह एक बुरे दौर से गुजर चुके हैं, जहां से उन्होंने दमदार कमबैक किया।

एक बार फिर उनके फैंस को उनसे इसी तरह के कमबैक की उम्मीद है।

## टेनिस : मेट्ज में अपनी अंतिम उपस्थिति के बीच गैस्केट ने प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया

**नई दिल्ली ।** रिचर्ड गैस्केट ने मोसेल ओपन में थियागो मोंटेइरो के खिलाफ पहले दौर में शानदार वापसी करते हुए अपने अंतिम अभियान को जीवित रखा है। 38 वर्षीय गैस्केट ने पहली बार 33 एटीपी टूर फाइनल में मेट्ज में भाग लिया है। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 4-6, 6-4, 7-6(6) से



जीत हासिल की, जो मई के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी। पूर्व नंबर 7 गैस्केट ने पूरे मैच में शानदार सर्विस का प्रदर्शन किया। खासकर आखिरी सेट में उन्होंने 20 में से 19 प्वाइंट अपने पहले सर्व से जीते। अब दूसरे दौर में उनका सामना एलेक्स मिचेलसन से होगा। गैस्केट ने कहा, ह्लमेट्ज में खेलना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह मेरा यहां आखिरी टूनार्मेंट है।

## चेन्नई एक मैच के लिए धोनी को बाहर रखने के बारे में सोच सकती है :पोंटिंग

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) द्वारा एमएस धोनी को रिटेन किए जाने के बाद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि धोनी को अगले सीजन में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए यहां-वहां एक मैच के लिए आराम दिया जा सकता है।

43 वर्षीय, जो अपने खेल करियर के अंतिम चरण में हैं, 2020 में अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा करने के बाद से केवल आईपीएल में वास्तव में प्रभाव डाला।

मुझे लगता है कि अब भी ऐसा ही होगा... हो सकता है कि वे उन्हें पूरे सीजन में न खिला पाएं। वे उसे एक मैच के लिए बाहर रखने और उसे यहां-वहां आराम देने के बारे में सोच सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा रहे हैं।

पोंटिंग ने धोनी की लंबी अवधि के लिए प्रशंसा व्यक्त की और टीम के कप्तान न होने के बावजूद उनकी मेंटरशिप क्वालिटी की सराहना की।



ही नजर आए हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में सीएसके को पांच आईपीएल खिताब दिलाए।

द आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में पोंटिंग ने कहा, दो सीजन पहले शायद उनका सबसे खराब सीजन रहा था, लेकिन फिर पिछले साल उन्होंने वापसी की और पुराने एमएस धोनी की तरह कुछ मैचों में

पोंटिंग ने कहा, वह जिस भी टीम में हो, चाहे वह कप्तान हों या न हों , वह हमेशा उस समूह के लिए मेंटर और लीडर रहेंगे, चाहे वह खेल रहे हों , चाहे वह किनारे पर बैठे हों , वह बस ऐसा ही है...वह चेन्नई के लिए महत्वपूर्ण है। वह नेतृत्व जो वह मैदान पर और मैदान के बाहर लाता है।

## स्मृति ने तीसरे स्थान के लिए अंतर कम किया हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापस

**दुबई ।** अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 122 गेंदों पर 100 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाली भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिंग अपडेट में तीसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका की चामरी अथापथु से अंतर कम कर दिया है।

चौथे स्थान पर मौजूद मंधाना ने 23 रेटिंग अंक जोड़े हैं और 728 अंकों पर पहुंच गई है, जो 760 रेटिंग अंकों के साथ इंग्लैंड की नताली साइवर-ब्रंट के नेतृत्व वाली सूची में श्रीलंका की चामरी अथापथु से सिर्फ पांच कम है।

दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ट (756) और इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट (760) रैंकिंग में शीर्ष पर सुरक्षित रूप से बैठी हैं।

इस बीच, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अहमदाबाद में आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में नाबाद 59 रन की पारी खेलने के बाद बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में वापस आ गई हैं।

हरमनप्रीत, जो पहले दो मैचों के बाद तीन पायदान नीचे खिसक गई थीं, ने 654 रेटिंग अंकों के साथ न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त नौवां स्थान हासिल किया।

गेंदबाजी रैंकिंग में, दीप्ति शर्मा ने दिन-रात के मैच में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद भारत को 2-1 से सीरीज जीतने में मदद करने के बाद वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण रेटिंग अंक हासिल किए।

ऑफ स्पिनर ने 39 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद करियर के सर्वोच्च 703 रेटिंग अंक हासिल किए, जो इंग्लैंड की केट क्रॉस (686) से 17 अंक अधिक हैं। सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष स्थान (770) पर बनी हुई हैं।

गेंदबाजों की सूची में अन्य उल्लेखनीय रैंकिंग में, रेणुका सिंह चार पायदान ऊपर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



## भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से आशय पत्र भेजा: सूत्र

**नई दिल्ली ।** भारत को खेल महाशक्ति बनाने के दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 1 अक्टूबर को भावी मेजबान आयोग, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को औपचारिक रूप से आशय पत्र भेजा है, जिसमें 2036 में ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की रुचि व्यक्त की गई है। सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा, भारत में 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। सूत्र ने कहा, यह महत्वपूर्ण अवसर देश भर में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए पर्याप्त लाभ ला सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई अवसरों पर 2036 ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की मेजबानी में भारत की रुचि व्यक्त की है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर पेरिस ओलंपिक के




खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे 2036 में होने वाले इस भव्य आयोजन की तैयारियों के लिए अपने सुझाव देने को कहा था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में, पिछले ओलंपिक में खेल चुके खिलाड़ियों से मिले सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। आप सभी ने कई चीजों को देखा ।

## शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन की होगी जांच

**लंदन ।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शाकिब अल हसन से अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा है। काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेलने के दौरान अंपायर्स द्वारा शाकिब के गेंदबाजी एक्शन को लेकर दी गई रिपोर्ट के बाद ईसीबी ने शाकिब से ऐसा करने के लिए कहा है।

सितंबर में टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 37 वर्षीय शाकिब ने नौ विकेट चटकाए थे। 2010-11 के बाद शाकिब पहली बार काउंटी चैंपियनशिप में खेल रहे थे। इंग्लैंड के आठ खिलाड़ियों के राष्ट्रीय ड्यूटी पर होने के चलते, विल जैक्स और डैन लॉरेंस जैसे दो प्रमुख स्पिनरों की अनुपस्थिति में शाकिब ने सरे के साथ कम समय का करार किया था।



हालांकि शाकिब समरसेट को 111 रनों से जीत हासिल करने से नहीं रोक सके और सरे लगातार अपना तीसरा चैंपियनशिप खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाया।

## पाकिस्तान को एडिलेड में छोटी बाउंड्री के साथ रणनीति बदलनी पड़ सकती है: मैथ्यू शॉर्ट

**एडिलेड ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को लगता है कि वनडे सीरीज के पहले मैच में शॉर्ट बॉलिंग करने की पाकिस्तान की रणनीति एडिलेड में दूसरे मैच में काम नहीं आएगी, क्योंकि चौकोर बाउंड्री छोटी हैं।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने लगातार गेंदों पर मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल के विकेट लेकर शॉर्ट बॉलिंग का फायदा उठाया, जिससे मेजबान टीम को 204 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन पैट कमिंस ने शानदार मैच जिताऊ पारी खेलकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की लंबी चौकोर बाउंड्री ने पाकिस्तान को शॉर्ट-



पिच गेंदों पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की परीक्षा लेने में मदद की। हालांकि, रणनीति का आकलन करने की जरूरत होगी क्योंकि दूसरे वनडे के लिए स्थल एडिलेड में बदल गया है।

शॉर्ट ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, हमने (मेलबर्न में) पाकिस्तान की रणनीति को काफी शार्ट गेंदबाजी करते हुए देखा। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें इस मैदान पर

**अपनी बल्लेबाजी के बारे में बात करते हुए शॉर्ट ने एडिलेड ओवल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि अगले मैच में वह इसका भरपूर लाभ उठाएंगे। यह निश्चित है कि बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए वहां काफी सहज महसूस होगा।**

थोड़ा बदलाव करना होगा, क्योंकि यहां की चौकोर बाउंड्रीज 'जी' के बिल्कुल विपरीत हैं। यह हमेशा बल्लेबाजी के लिए अच्छा मैदान रहा है।

अपनी बल्लेबाजी के बारे में बात करते हुए शॉर्ट ने एडिलेड ओवल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि अगले मैच में वह इसका भरपूर लाभ उठाएंगे। यह निश्चित है कि बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए वहां काफी सहज महसूस होगा। यह खेलने के लिए दुनिया का मेरा पसंदीदा मैदान है और मैंने वहां कई बार खेला है, इसलिए मुझे इससे अच्छी तरह परिचित होना चाहिए।"

शार्ट ने कहा, मैं इस सीरीज में टीम में अपनी जगह पक्की करने की बड़ी आकांक्षाओं के साथ आया हूं। मैं वहां जाकर सकारात्मक रहने और आक्रामक क्रिकेट खेलने की कोशिश करता रहूंगा। उन्होंने कहा, किसी न किसी स्तर पर इसका फायदा मिलना चाहिए।

## ऐतिहासिक सफलता के पीछे न्यूजीलैंड की अनुकूलन क्षमता : एजाज पटेल

**मुंबई ।** न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से ऐतिहासिक रूप से हराया, जिसमें टीम ने विभिन्न प्रकार की चुनौतियों पर विजय प्राप्त की। उनमें से सबसे बड़ी बाधा पिचों की प्रकृति थी, जिसमें बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में टीमों के लिए अलग-अलग परिस्थितियां थीं।

पहले टेस्ट के लिए पिच में मौसम की बड़ी भूमिका थी और न्यूजीलैंड ने पहली पारी में भारत को हराने के लिए तेज गति के अनुकूल परिस्थितियों का भरपूर लाभ उठाया, जिसने अनिवार्य रूप से खेल को अपने पक्ष में कर लिया। पुणे का विकेट, हालांकि स्पिन के लिए सहायक था, धीमा था और धीमे गेंदबाजों को इसे फिर से समायोजित करने की आवश्यकता थी। फिर से, मेहमान टीम ने परिस्थितियों को बेहतर तरीके से समझा और मिशेल सेंटनर की अगुआई में उनके स्पिनरों



ने भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड की पहली सीरीज जीत की नींव रखी। फिर मुंबई आया और इस बार एजाज पटेल ने परिचित परिस्थितियों में गेंदबाजी

**जूम कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हुए, एजाज ने न्यूजीलैंड के सामने आने वाली विभिन्न परिस्थितियों और चुनौती का सामना करने के लिए उनकी तैयारियों पर प्रकाश डाला। तीन अलग-अलग सतहें और तीन अलग-अलग मैच रहे हैं, और मुझे लगता है कि हम अच्छी तरह से जानते हैं**

की, क्योंकि उन्होंने न्यूजीलैंड को ऋषभ पंत की चुनौती से पार पाने में मदद की और भारत में वाइटवॉश (न्यूनतम 3 टेस्ट) हासिल करने वाली पहली टीम बन गई।

जूम कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात करते हुए, एजाज ने न्यूजीलैंड के सामने आने वाली विभिन्न परिस्थितियों और चुनौती का सामना करने के लिए उनकी तैयारियों पर प्रकाश डाला। तीन अलग-अलग सतहें और तीन अलग-अलग मैच रहे हैं, और मुझे लगता है कि हम अच्छी तरह से जानते हैं कि एशिया जाने की चुनौतियों में से एक यह है कि परिस्थितियां हर समय बदलती रहती हैं और आपको अनुकूल होना पड़ता है ।

और मैच के भीतर भी परिस्थितियां बहुत तेजी से बदलती हैं। मेरा मतलब है कि इस मुंबई टेस्ट में भी मैं गेंदबाजी कर रहा था...मुझे लगता है कि पहली पारी में और मुझे लगा कि मैं वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूँ, लेकिन विकेट वास्तव में टर्न नहीं कर रहा था और फिर मैं लंच के बाद वापस आया और अचानक सब कुछ होने लगा।

एजाज , जिन्होंने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड ने उपमहाद्वीप में विभिन्न पिचों का सामना करने के लिए अपने घर पर अच्छी तैयारी की थी,ने कहा, तो मुझे लगता है कि जब आप उपमहाद्वीप में आते हैं तो यह उस कौशल सेट और उस सीमा के बारे में होता है, चाहे वह 90 के दशक में गेंदबाजी करना हो या 80 के दशक में गेंदबाजी करना हो और शुरू से ही उन सीमाओं में अनुकूलन करने में सक्षम होना। यह सतह को जल्दी से पढ़ने के बारे में भी है ।

## फातोर्डा में होगी एफसी गोवा और पंजाब एफसी की आक्रामक भिड़ंत

**फातोर्डा ।** बेहतरीन फॉर्म में चल रही दो टीमें एफसी गोवा और पंजाब एफसी बुधवार को शाम 7:30 बजे फातोर्डा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी।

वहीं, पंजाब एफसी भी जबर्दस्त फॉर्म में है, वो पांच मैचों में चार जीत और एक हार से 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस दौरान उसे एकमात्र हार 18 अक्टूबर 2024 को बेंगलुरू एफसी से मिली थी गौर्स को क्या अलग बनाता है? बॉक्स के अंदर घातकः गौर्स ने आईएसएल 2024-25 में 18-यार्ड बॉक्स के अंदर से 12 गोल किए हैं।



### एफसी गोवा का आत्मविश्वास

एफसी गोवा ने बेंगलुरू एफसी पर 3-0 की शानदार जीत के साथ चार घरेलू मैचों में जीत से अपनी दूरी को समाप्त किया। लिहाजा, गौर्स इस मैच में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे।

# रेस्टोरेंट पर रेड, अवैध रूप से परोसी जा रही थी शराब
## तीन गिरफ्तार, अलग-अलग ब्रांड की बोतल बरामद



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा आबकारी टीम और पुलिस ने संयुक्त रूप से सेक्टर-90 के अल्फाथम्ब मॉल के धमक रेस्टोरेंट में छापा मारा। यहां बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। यहां से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई । साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इससे पहले भी नोएडा में कई रेस्टोरेंट में छापा मारकर अवैध रूप से शराब परोसने के मामले सामने आ चुके है।

आबकारी अधिकारी ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिलने पर पुलिस और आबकारी टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा। जिस समय छापा मारा गया उस दौरान रेस्टोरेंट में शराब पिलाई जा रही थी। आबकारी अधिकारी ने लाइसेंस और अन्य दस्तावेज मांगे। लेकिन संचालक कर्ता नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने वहां अलग-अलग ब्रांड की 26 खुली बोतल,12 खाली बोतल मिली है। इस मामले में पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

आबकारी आयुक्त सुबोध कुमार ने बताया कि इस मामले में विशाल कुमार पुत्र विजय पाल, मोहम्मद सकीर हुसैन पुत्र मैसूर अली और सोनू अनुरागी पुत्र लल्लू अनुरागी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से बकार्डी वाइट रम, रॉयल स्टैग, सिमरनॉफ वोडका, जैगरमेस्टर, जैकब्स क्रीक व्हाईट वाइन, जॉन स्टोन, सुला वाइन आदि की 38 बोतलें बरामद की गई। इस रेस्टोरेंट का संचालक विवेक कुमार है।

इसी प्रकार बीयर (कैन) में कॉल्सवर्ग के 500 एमएल के 46 कैन, ट्यूबोर्ग स्ट्रॉन्ग के 48 कैन , किंगफिशर अल्ट्रा मैक्स के 500 एमएल के 21 कैन, बडवाइजर मेगनम के 500 एमएल के 8 कैन बरामद हुए। बीयर (पाइंट) में कोरोना के 330 एमएल के 29 पिंट और बडवाइजर स्ट्रॉग के 330 एमएल के 24 पिंट बरामद हुए।, बीरा व्हाइट के 330 एमएल की 43 बोतल, बडवाइजर के 330 एमएल की 24 बोतल, कार्लसबर्ग स्मूथ के 330 एमएल के 37 केन, हेइनेकेन ओरिजिनल्स के 500 एमएल के 12 केन होगार्डन के 330 एमएल की 21 बोतल, और किंगफिशर के 650 एमएल की 2 बोतल, इस प्रकार विदेशी मदिरा की 102 बोतल एवं बीयर की केन एवं बोतल मिला कर 315 (कुल 417 बोतल) बरामद की है।

# नोएडा में छठ पर हो सकता है यातायात डायवर्ट
## घाटों के आसपास यातायात कर्मी रहेंगे तैनात






**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में छठ पर्व को लेकर यातायात डायवर्जन लागू कर सकती है। ये व्यवस्था 6 से 8 नवंबर तक रहेगी। डीसीपी यातायात यमुना प्रसाद के अनुसार इस दौरान विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। छठ पूजा के चलते महामाया फ्लाई ओवर से सरिता विहार होकर दिल्ली जाने वाले कालिंदी कुंज मार्ग, नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21अ, चोटपुर, बहलोलपुर सेक्टर 63 और हिंडन पुल कुलेसरा पर यातायात डायवर्ट किया जा सकता है। भारी और मध्यम मालवाही वाहनों पर भी इन मार्ग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। ये व्यवस्था अर्घ के दौरान रहेगी।

डीसीपी ने बताया कि वाहनों के दबाव बढ़ने पर नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस पर ग्रेनो और सेक्टर-37 की तरफ से कालिंदी कुंज की ओर जाने वाहनों को सीधे डीएनडी और चिल्ला बार्डर की ओर भेज दिया जाएगा। हिंडन पर सूरज पुर की तरफ से फेज-टू की तरफ आने वाले वाहनों को कच्ची सड़क से किसान चौक होकर रवाना किया जाएगा। डीसीपी ने बाया कि नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि शहर में 16 स्थानों पर छठ के कार्यक्रम होने है। यहां भारी संख्या में यातायात कर्मी मौजूद रहेंगे। जरूरत पड़ने पर यहां यातायात डायवर्जन किया जाएगा। ये व्यवस्था छह नवंबर से आठ नवंबर तक लागू रहेगी। असुविधा और जाम की समस्याओं से बचने के लिए लोगों को अतिरिक्त समय लेकर यात्रा करने की सलाह दी गई है। साथ ही, यातायात संबंधी किसी भी समस्या के लिए लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।




### वो अपनी बिरादरी की ले पायेगें कितनी वोट और कितनी सपोर्ट

शहर में सीट खाली होने पर उप चुनाव हो रहा है। बिरादरी के समीकरण गणित से ही उम्मीदवार मैदान में उतारे गये हैं। जिक्र जब कैडर और बिरादरी वोट को लेकर चला तो पता चला कि उनकी फिक्र कैडर तो कर लेगा लेकिन बिरादरी में उनका कहीं कोई जिक्र तक नही है। बिरादरी की बात चली तो पता चला कि इलेक्शन को लेकर कैलकुलेशन ही टेंशन दे रहा है। बताने वाले बता रहे हैं कि सबसे बड़ा सवाल ही यही है कि वो अपनी बिरादरी की कितनी वोट ले पायेगें। इलेक्शन को लेकर कैलकुलेशन निकला पड़ा है और वो ये है कि वोट गिन लेना उन्हे कैडर वोट तो मिलेगा लेकिन उनकी खुद की बिरादरी का एक परसेंट वोट भी उन्हे नही मिलेगा। दावा करने वाले ने कहा कि चलो वोट तो ईवीएम पर दिखेगा लेकिन सपोर्ट तो बाजारों में दिखती है,गली मौहल्लो में दिखती हैं। चुनावी जीत और वोटो की बात तो ये है कि उनके गले में उनकी बिरादरी वालों ने कितने नोटों के हार पहनाये हैं। बिरादरी वाले खुद चलकर उनकी चुनावी सपोर्ट में कितना आये हैं। ब्रदर बात ये है कि बिरादरी उन्हे ना वोट दे रही हैं और ना ही सपोर्ट।

### सर्मथकों में तो है जोश मगर मतदाता दिख रहा है खामोश

चुनाव एक्सटेंड हो गया है और अब सभी दलों के उम्मीदवारों को एक हफ्ता एक्स्ट्रा हाथ जोड़ने पड़ेगें और सात दिन तक रोजाना नेता जी के भ्रमण का चार्ट बनेगा। चुनावी नब्ज टटोलने वालों को भी समझ नही आ रहा क्योंकि लाख बुलवाने की कोशिश के बाद भी मतदाता जुबान नही खोल रहे हैं। वैसे तो पर्चा भरने से पहले ही टिकट मिलते ही सब के सब जीते पड़े हैं। ये तो मतगणना के दिन ही ईवीएम बतायेगी कि किसे कितने वोट पड़े है। फिलहाल वोटर ने खामोशी साध ली है और वो चुनावी सभाओ से भी गायब हो लिया है। गली मौहल्ले की नुक्कड़ सभाओं में मंच की चेयर से लेकर सामने पड़ी कुर्सियों तक दल के ही नेता और दल के ही कार्यकर्ता दिखाई देते हैं। सर्मथकों में फुल जोश है मगर सस्पेंस यही है कि इस बार शहर में मतदाता बिल्कुल ही खामोश हैं।

### लाईनपार से ज्यादा निर्णायक होगा इस पार का इलाका

चुनावी रण में अब सब आमने सामने हैं और इलेक्शन को लेकर आरपार की इस लड़ाई में लाईनपार पर सबका फोकस है। मगर चुनावी जानकार ये मान रहे हैं कि इस बार शहर के चुनाव में लाईनपार से ज्यादा निर्णायक फैसला इस पार से आना है। वैसे तो जितना अधिक मतदान होगा लोकतंत्र का महोत्सव उतना ही महान होगा। मगर इस बार उप चुनाव में माना ये जा रहा है कि इस पार फ्लो रहेगा और उस पार स्लो रहेगा।

## स्कूटी ओवरटेक करने को लेकर विवाद
# एक पक्ष ने फायरिंग कर फैलाई दहशत, मुकदमा दर्ज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में स्कूटी को ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। सही से वाहन चलाने की नसीहत देने पर युवक ने फायरिंग कर दी। इससे दहशत फैल गई। इसकी वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी आपस में चचेरे भाई हैं। हालांकि दोनों घर छोड़कर फरार हैं। गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में रहने वाले हितेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक हितेश अपने पिता के साथ स्कूटी पर जा रहे थे। तभी सूर्य पार्क वाले गेट पर एक स्कूटी सवार व्यक्ति इनकी स्कूटी को ओवरटेक करके गया। हितेश के मुताबिक उसने खतरनाक तरीके से ओवरटेक किया था।

### घर से फोन कर मंगवाई बंदूक

इस पर हितेश ने उसको तमीज में चलने के लिए कहा। हितेश का आरोप है कि स्कूटी सवार व्यक्ति का बेटा पीछे से आ रहा था। जिसने हितेश और उनके पिताजी के साथ बदसलूकी की। साथ ही फोन करके अपने जानकर से बंदूक घर से मंगवा ली। इसके बाद फायरिंग की। इसका किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडियो पर वायरल हो गया। थाना अध्यक्ष शालीमार गार्डन नरेंद्र चौधरी ने बताया की हितेश की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान मोहित शर्मा और लालू शर्मा के रूप में हुई है। जो आपस में चचेरे भाई हैं। लालू शर्मा ने फायरिंग की है। जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस लगातार मोहित और लालू की तलाश कर रही है हालांकि दोनों घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

# नोएडा में साइबर जालसाज एक्टिव : व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर मुनाफे का दिया लालच, 1.30 करोड़ रुपये गंवा बैठा कारोबारी

### मुनाफे के चक्कर में शिकायतकर्ता ने बड़ी रकम निवेश की



**नोएडा करंट क्राइम।** साइबर ठगों ने एक कारोबारी को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर उनसे 1.30 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपियों ने कारोबारी को निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर अपने झांसे में लिया था। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना साइबर क्राइम पुलिस से की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एप डाउनलोड कराकर बनाया शिकार

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-52 निवासी कारोबारी विपुल अरोड़ा ने बताया कि उसे शेयर बाजार में निवेश से संबंधित एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। यहां ग्रुप लीडर ज्ञान वर्मा लोगों को निवेश पर मुनाफे और निवेश के तरीकों के बारे में जानकारी दे रहा था। जिसके बाद उसने भी निवेश करने की इच्छा जताई। ग्रुप लीडर ने पीड़ित से एक एप डाउनलोड करवाया। उसे कई कंपनियों में निवेश करने की जानकारी दी गई। इस दौरान शिकायतकर्ता ने जांच की तो पता चला कि जिस कंपनी का एप डाउनलोड करने को कहा गया था, वह सेबी में रजिस्टर्ड है। शुरूआती दौर में उसने पांच हजार रुपये निवेश किए। इस पर उसे कुछ मुनाफा हुआ। जब वह कई बार छोटी-छोटी रकम निवेश कर मुनाफा कमाने लगा तो मुनाफे के चक्कर में शिकायतकर्ता ने बड़ी रकम निवेश करना शुरू कर दिया। उसने एक-एक करके दस से अधिक बार में एक करोड़ 30 लाख रुपये निवेश कर दिए।

### ऐसे चला धोखाधड़ी का पता

एप पर मुनाफे के साथ-साथ रकम बढ़ती नजर आई। इस दौरान जब पीड़ित को कुछ पैसों की जरूरत पड़ी और उसने पैसे निकालने का प्रयास किया तो पैसे नहीं निकले। जब ग्रुप लीडर को इस बारे में बताया गया तो उसने पीड़ित से और पैसे निवेश करने को कहा। इसके बाद विपुल को धोखाधड़ी का शक हुआ। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।




# किस थ्री-स्टार ने संभाल ली थी बात

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में मंगलवार को यूपी के पूर्व सीएम का कार्यक्रम था। पूर्व सीएम के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के डीसीपी से लेकर एसीपी और कई टू और थ्री-स्टार बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। पूर्व सीएम के आने से पहले का सीन तो ऐसा था मानो पुलिस ज्यादा व बूथ सम्मेलन वाले कम नजर आ रहे थे। गाजियाबाद में पूर्व सीएम के कार्यक्रम के दौरान बराबर वाले जिले के एक माननीय की एंट्री को लेकर नाराज हो गए थे। आरोप था कि एक टू-स्टार ने खादी वालों पर खाकी का अंदाज दिखाया था। वहीं प्रोटोकॉल का उल्लंघन का भी शोर हो गया था। इस दौरान यहां कई थ्री-स्टार, एक एसीपी और पुलिस बल मौजूद था। अपनी सख्त शैली के लिए जाने जाने वाले विधायक जी नाराज हुए तो उनके सहयोगी और साथी आक्रोषित होने लगे। जिसके बाद विधायक जी आगे बढ़े तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक थ्री- स्टार ने भी अपने कदम तेजी से आगे बढ़े और विधायक को संभालने का काम किया। कुछ लोगों के लिए थ्री-स्टार का यह सीन थोड़ा हैरान और परेशान करने वाला था लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधायक को थ्री-स्टार पहले से जानते थे।



विधायक ने भी थ्री-स्टार की बात का सम्मान किया और कदम पीछे खींचते हुए वह खामोश हो गए। इसके बाद पूरे कार्यक्रम में थ्री-स्टार और विधायक की कई बार मुलाकात भी हुई। राहत की बात यह रही कि जिस समय स्थिति अनकंट्रोल हो रही थी, थ्री-स्टार ने समझदारी और पुराने संबंधों का ध्यान रखते हुए स्थिति को कंट्रोल करने का काम किया। हालांकि वहां मौजूद मीडियाकर्मियों के कैमरे और जहन में पूरा सीन आ गया था। सूत्र बता रहे हैं कि भले यह पूरा मामला बहुत जल्द हल हो गया वरना राजनीतिक चेहरों के शब्द बाण खाकी की ओर भी चल सकते थे। वैसे जब सूबे वाले पूर्व सीएम साहब ने बोलना शुरू किया, तो उन्होंने यूपी के शीर्ष पुलिस अधिकारी के चयन पर सवाल उठाए। तो वही गाजियाबाद कोर्ट रूम के मामले से लेकर ई- रिक्शा बंद करने को लेकर भी अपनी टिप्पणी एकदम तल्ख अंदाज में की है। कुल मिलाकर मंच पर जो सीन हुआ वह अलग था और जो मामला बैक द स्टेज हुआ वह वही खत्म हो गया बताया जा रहा है। हालांकि जब विधायक का माइक पर नंबर आया था तो उन्होंने उस घटनाक्रम का जिक्र भी किया था और पुलिस के अंदाज पर सवाल भी दागा था। जिस थ्री-स्टार से जुड़ा यह मामला है वो पूर्व में सिटी और अब देहात में काम संभाल रहे हैं।

# सफर के दौरान बस से लापता हुई 4 साल की बच्ची को परिवार से मिलाया, परिजन बोले थैंक-यू



**हापुड़, करंट क्राइम।** जिले की यातायात पुलिस ने नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर भटक रही एक बच्ची उसके परिजनों से मिलाकर उनकी खुशियां फिर से लौटा दी है। बच्ची को सकुशल पाकर नम आंखों से मां-बाप ने पुलिस का धन्यवाद किया है। ये बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ गई थी जो पुलिस को नजर नजर आई।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिला मेरठ के क्षेत्र के मवाना के नरेश कुमार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बस से हापुड़ आए थे। इस दौरान वे मेरठ रोड स्थित रोडवेज बस अड्डे पर वह पत्नी और तीन बच्चों के साथ बस से उतर गए। वहीं उनकी 4 वर्षीय बेटी आराध्या बस में ही रह गई। जिसके बाद बच्ची के रोने पर उसको बस चालक ने उसे रोडवेज बस अड्डे पर उतार दिया। वहीं माता-पिता से बिछड़ने के बाद बच्ची रोने लगी। इसी बीच एक व्यक्ति बच्ची को चुप कराने लगा। इस दौरान वहां चेकिंग कर रहे टीएसआई कामेश सिंह की नजर बच्ची और व्यक्ति पर पड़ी।

### पुलिस का किया धन्यवाद

टीएसआई बच्ची को देख मौके पर पहुंच गए। बच्ची से बातचीत करने पर उन्हें माता-पिता से बिछड़ने की जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने बच्ची से पूछताछ की तो उसने अपने माता-पिता का नाम और मोबाइल नंबर पुलिस को बता दिया। जिसके बाद उन्होंने माता-पिता को कॉल कर बच्ची की जानकारी दी। जिसके बाद बच्ची के माता-पिता मौके पर पहुंच गए। बच्ची को देखकर उसके परिजनों की खुशियां फिर से लौट गई और बच्ची को सकुशल पाकर माता-पिता ने पुलिस का धन्यवाद किया और घर लौट गए।

## ग्रेटर नोएडा में दबंगों ने बहाया खून
# आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र पर फरसे से किया हमला, सिर फाड़ा और हड्डी तोड़ी





**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा में थाना रबूपुरा क्षेत्र के तकीपुर बांगर गांव में आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र पर लाठी, डंडे और फरसे से हमला कर दिया। आरोपियों ने फरसे से हमला कर पिता-पुत्र का सिर फाड़ दिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पीड़ित के बेटे की पैर की हड्डी भी तोड़ दी। वारदात के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पिता ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

पुलिस को दी शिकायत में प्रेमपाल ने बताया कि वह परिवार के साथ गांव तकीपुर बांगर में रहते हैं। वह 3 नवम्बर की सुबह करीब 6:30 बजे घेर में पशुओं का दूध निकाल रहे थे। तभी भागमल, उसके दो पुत्र कृष्ण, प्रेमवीर और राजपाल लाठी, डंडे और फरसा लेकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने बिना किसी बात के उस हमला कर दिया। भागमल ने फरसे से हमला कर उसका सिर फाड़ दिया। शोर सुनकर उनका बेटा उन्हें बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। आरोपियों ने बेटे पर फरसे से हमला कर उसका सिर फाड़ दिया और उसके पैर की हड्डी तोड़ दी। किसी तरह गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें आरोपियों से बचाया।

### रंजिश के चलते किया हमला

बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर भागमल पक्ष प्रेमपाल से रंजिश रखता है। इसी के चलते आरोपियों ने प्रेमपाल पर हमला किया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर भागमल, कृष्ण, प्रेमवीर और राजपाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में हापुड़ की ग्राम पंचायतों में विकास हेतु बनाई योजना

गाजियाबाद करंट क्राइम। जिला पंचायत राज अधिकारी हापुड़ शिव बिहारी शुक्ला ने बताया कि शासन से प्राप्त निदेर्शा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराये जाने हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना निर्धारण हेतु जन योजना अभियान के अन्तर्गत जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रति दिन प्रति सचिव एक ग्राम पंचायत की प्रथम खुली बैठक/ग्राम सभा की बैठक का आयोजन 05 नवम्बर,2024 से आरम्भ की गयी है, जिस बैठक में सभी ग्रामवासी तथा सभी लाईन डिपान्टमैन्ट के ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहकर ग्राम पंचायत में उपलब्ध संशाधन इत्यादि तथा ग्राम सभा में प्राप्त मांग के अनुसार कार्ययोजना का निर्धारण किया जायेगा जिसके पश्चात उक्त कार्य योजना का दिसम्बर माह में जनयोजना अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित द्वितीय ग्राम सभा की बैठक में अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। जिसके उपरान्त ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार आगामी वित्तीय वर्ष में जनपद की ग्राम पंचायतों के विकास कार्य कराये जायेगे।

# सोशल मीडिया पर नौकरी का झांसा देकर बुलाती थी महिला, फिर करती थी ब्लैकमेल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दो मामले प्रकाश में आने के बाद गाजियाबाद के साथ खाकी भी शर्मसार हुई है। शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने सेक्स स्कैंडल चलाने वाली महिला को फिर गिरफ्तार किया है। इस महिला को जनवरी में भी पुलिस ने जेल भेजा था, लेकिन जमानत के बाद भी गंदे काम में लग गई। शातिर महिला भोली भाली लड़कियों को नौकरी देने के बहाने बुलाती थी और फिर ब्लैकमेल करते हुए देह व्यापार में उतरने को मजबूर करती थी। पुलिस ने जब फ्लैट में छापा मारा तो दो युवतियों ने रोते हुए पुलिस को आपबीती बताई। पुलिस ने दोनों युवतियों को रेस्क्यू करते हुए परिजनों के हवाले कर दिया है। सैक्स स्कैंडल चलाने वाली महिला के साथ दो पुरुषों को भी गिरफ्तार किया गया है।

### रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बेटे का है फ्लैट

एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि जांच में पता चला है कि शालीमार गार्डन एक्सटेंशन- टू में मंगल पांडेय चौक के पास फर्स्ट फ्लोर के जिस



फ्लैट में सैक्स स्कैंडल चल रहा था, वह फ्लैट यूपी पुलिस के एक रिटायर्ड इंस्पेक्ट के बेटे का है। बताया गया है कि फ्लैट को महिला ने आठ हजार रुपये में किराए में लिया हुआ था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि सैक्स स्कैंडल फ्लैट स्वामी की भूमिका की भी जांच कर रही है। मौके से पुलिस ने कुछ आपत्तिजनक सामान और पांच हजार रुपये की नगदी भी बरामद की है।

महिला ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि जनवरी में गिरफ्तार होने के बाद वह जमानत पर बाहर आई तो नए सिरे से फ्लैट किराए पर लेकर धंधा शुरू कर दिया। महिला ने कबूल किया है कि वह युवतियों को नौकरी देने के बहाने बुलाकर देह व्यापार कराती थी। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि मौके से गिरफ्तार युवकों में दिल्ली के मौजपुर इलाके निवासी रविकांत शर्मा तथा सहारनपुर निवासी साकिब हैं। गैंग की सरगना के खिलाफ भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्ट ने की हैवानियत

इंदिरापुरम थानाक्षेत्र निवासी एक रिटायर्ड इंस्पेक्टर के खिलाफ पड़ोस में रहने वाली मासूम से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के मुताबिक पीड़िता 10वीं की छात्रा है। रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने महंगे गिफ्ट दिलाकर बच्ची से नजदीकियां बढ़ाई और फिर एक दिन मौका पाकर बच्ची के साथ उसी के घर में गलत काम किया। डरी सहमी बच्ची ने खुद को बाथरूम में बंद कर जान बचाई। मासूम के पिता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कराई है। बताया जा रहा है कि इस्पेक्टर की तैनाती इंदिरापुरम और साहिबाबाद में भी रह चुकी है।

# यूपीसीडा ने पांच सेक्टरों को रोशन किया
## 32 सीसीटीवी कैमरों को थाने और चौकी से जोड़ा

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने ग्रेटर नोएडा के पांच औद्योगिक सेक्टरों को रोशन किया है। यूपीसीडा का दावा है कि पांच औद्योगिक सेक्टरों में 3350 एलईडी लाइट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। एलईडी लाइट लगाने वाली एजेंसी तीन साल तक रखरखाव का काम भी देखेगी। इसके अलावा यूपीसीडा द्वारा इन सेक्टरों में 250 नए पोल भी लगाए गए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 32 सीसीटीवी कैमरों को थाने और चौकी से जोड़ा है।



### एजेंसी तीन साल तक रखेगी ध्यान

यूपीसीडा के मुताबिक, सूरजपुर साइट-बी, सी, कासना साइट-4,5 और ईपीआईपी में अब तक 3300 एलईडी लाइटें लगाई जा चुकी हैं। उन जगहों पर प्रकाश की व्यवस्था की गई, जहां पहले स्ट्रीट लाइटें नहीं थीं। अब तक 250 नए पोल लगाए जा चुके हैं। इन सेक्टरों में एलईडी लाइट लगाने वाली एजेंसी तीन साल तक लाइटों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी उठाएगी। सुरक्षा के लिहाज से सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए 32 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों को थाने से जोड़ दिया गया है। भविष्य में इन कैमरों को यूपीसीडा के कानपुर मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। जिससे की क्राइम पर कंट्रोल किया जा सके।

### जहां पहले था अंधेरा, आज है रोशनी

यूपीसीडा वरिष्ठ प्रबंधक नवीन कुमार जैन ने बताया कि अब तक पांच सेक्टरों में रोशनी के लिए 3300 एलईडी लाइटें लगाई जा चुकी हैं। सर्वे के बाद उन स्थानों को चिन्हित किया गया, जहां अंधेरा रहता था। इसके साथ ही सुरक्षा के लिहाज से सेक्टरों के गेट व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को नजदीक के थाने व चौकी से जोड़ दिया गया है।

# ट्रंप या हैरिस? आखिरी कुछ घंटों में झोंकी ताकत



## पेन्नी वोंग से मुलाकात कर बोले जयशंकर

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच रिश्ते हुए और मजबूत

**कैनबेरा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेन्नी वोंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। दोनों नेताओं ने अपने-अपने पड़ोस, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया, यूक्रेन और वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य पर भी चर्चा की।

विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता के लिए मुलाकात : जयशंकर 15वें ऑस्ट्रेलिया-भारत विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता के लिए कैनबरा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'आज कैनबेरा में 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता के लिए अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेन्नी वोंग से मुलाकात की। इस दौरान हमने इस पर चर्चा की। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। यह मजबूत राजनीतिक संबंधों, मजबूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग, विस्तारित व्यापार, अधिक गतिशीलता और गहरे शैक्षिक संबंधों में परिलक्षित होता है।'

उन्होंने आगे कहा, 'हमने अपने-अपने पड़ोस, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया, यूक्रेन और वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की।'

**वोंग ने क्या कुछ कहा? :** वहीं, वोंग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'ऑस्ट्रेलिया और भारत की साझेदारी हमारे साझा क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। आज, मैंने अपने अच्छे दोस्त का स्वागत किया।'

**जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री मार्लेस से मुलाकात की :** इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से मुलाकात की। मार्ल्स के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'आज रक्षा मंत्री से मिलकर खुशी हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में मजबूत गति के बारे में बात की। हिंद-प्रशांत और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा किए।'

### कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग कर रहे

उन्होंने यह भी एलान किया कि ऑस्ट्रेलिया अगले साल पहली बार भारत में 'प्रथम राष्ट्र व्यापार मिशन' भेजेगा। यह मिशन भारत के साथ जुड़ने के इच्छुक प्रथम राष्ट्र व्यवसायों के लिए नई वाणिज्यिक साझेदारी का समर्थन करेगा और प्रथम राष्ट्र व्यवसायों को विदेशों में नए बाजारों में बढ़ावा देगा। उन्होंने आगे कहा, 'हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, कृषि, शिक्षा और कौशल, और पर्यटन सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। आज, मैंने घोषणा की कि अल्बानियाई सरकार ऑस्ट्रेलिया-भारत साइबर और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी भागीदारी के तहत छह प्रभावशाली परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रही है।' दोनों नेता भारत के रायसीना डायलॉग के ऑस्ट्रेलियाई संस्करण 'रायसीना डाउन अंडर' में भी भाग लेंगे।




**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस बार के राष्ट्रपति चुनाव को सबसे कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप को लेकर वोटर काफी बंटे हुए हैं।

हर वर्ग से डेमोक्रेट पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी को मिलने वाले समर्थन को लेकर सर्वे में अलग-अलग दावे हुए हैं। इस बीच दोनों प्रत्याशियों को लेकर अमेरिका में रहने वाले भारतवंशियों की राय भी काफी बंटी हुई है। जहां लोग डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों का समर्थन कर रहे हैं, वहीं उनकी आव्रजन नीतियों को लेकर संशय की स्थिति में हैं। दूसरी तरफ कमला हैरिस की नेतृत्व क्षमता से भारतीय-अमेरिकी काफी प्रभावित हैं, हालांकि कुछ अन्य मुद्दों में डेमोक्रेट उम्मीदवार के मुखर न होने को लेकर लोगों ने सवाल उठाए हैं।

**क्या बोल रहे हैं भारतीय-अमेरिकी? :** न्यूयॉर्क में रहने वाले अजय पटेल के मुताबिक, वह इस चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। वे ट्रंप की आर्थिक स्वतंत्रता की नीति और जबरदस्त मेहनत को पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹अगर मैं पैसे कमा रहा हूं तो कमाई को अपने पास ही रखना चाहूंगा। मैं नहीं चाहूंगा कि उन लोगों का भी ख्याल रखा जाए, जो अवैध तरीके से देश में घुसे हैं।

उन्होंने कहा, ₹हम कभी भी अमेरिका की सड़कों पर भूखे नहीं देखना चाहते, वह भी तब जब हम बाकी दुनिया को अमेरिका की परवाह नहीं करते देखते। इसीलिए ट्रंप के समूह ने भारतीयों जैसी ही राय ली है। इस बार मुझे लगता है कि ज्यादा भारतीय डोनाल्ड ट्रंप के विचारों से सहमत हैं और इसीलिए हम उनका समर्थन करते हैं।

दूसरी तरफ कुमार नाम के भारतीय-अमेरिकी शख्स ने कमला हैरिस को लेकर मिश्रित भावनाएं जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि हैरिस ने जबरदस्त काम किया है और वह लोगों को भी लुभा रही हैं।

## फैसला जो भी हो, अमेरिका के साथ संबंध और मजबूत होंगे : जयशंकर



**कैनवेरा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ पत्रकारों से बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वहीं, विदेश मंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले पांच राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में अमेरिका के साथ अपने संबंधों में लगातार प्रगति देखी है। इसमें ट्रंप का कार्यकाल भी शामिल है। इसलिए, जब हम अमेरिकी चुनाव को देखते हैं तो हमें पूरा विश्वास है कि फैसला जो भी आए, अमेरिका के साथ हमारे संबंध और मजबूत होंगे।'

**कब है राष्ट्रपति चुनाव? :** बता दें, आज अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हो रहे हैं। यहां रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट की ओर से वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों में कड़ा मुकाबला है।

**ट्रंप के कार्यकाल में क्वाड हुआ था पुनर्जीवित :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और क्वाड समूह पर जयशंकर ने कहा, 'क्वाड को साल 2017 में ट्रंप के राष्ट्रपति पद पर होते हुए पुनर्जीवित किया गया था। फिर उन्हीं के कार्यकाल के दौरान इसे स्थायी सचिव से मंत्री के स्तर पर ले जाया गया। यह दिलचस्प है कि कोविड के बीच जब शारीरिक बैठकें बंद हो गई थीं, विदेश मंत्रियों की बैठकों में से एक वास्तव में 2020 में टोक्यो में क्वाड की बैठक थी। इसलिए मुझे लगता है कि हमें कुछ बताना चाहिए।'

## अमेरिका की राजनीति में बढ़ता भारतीय मूल के लोगों का दबदबा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सबसे संपन्न और पढ़े लिखे समुदायों में भारतवंशी शीर्ष पर हैं। गौर करने वाली बात ये है कि अब भारतवंशी, अमेरिकी राजनीति में भी अपनी पकड़ बना रहे हैं और बड़ी संख्या में चुनावी राजनीति का हिस्सा बन रहे हैं। अमेरिका में अभी विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के साथ ही स्थानीय निकाय के चुनाव भी चल रहे हैं। इन चुनावों में तीन दर्जन से भी ज्यादा भारतवंशी उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

**कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोग राजनीति के मैदान में उतरे :** अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के राजनीति में रुझान को इसी बात से समझा जा सकता है कि भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा है कि 'अगर आप खाने की मेज पर नहीं बैठे हैं तो फिर इसका मतलब है कि आप मेन्यू का हिस्सा हैं।' कैलिफोर्निया में स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं और इन चुनाव में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोग हिस्सा ले रहे हैं। कैलिफोर्निया से ही भारतीय मूल के रो खन्ना और एमी बेरा सांसद हैं। साथ ही राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस भी कैलिफोर्निया से ही ताल्लुक रखती हैं।



साथ ही अदला चिश्ती डिस्ट्रिक्ट 11 के लिए काउंटी सुपरवाइजर के लिए चुनाव लड़ रही हैं। आलिया चिश्ती सिटी कॉलेज बोर्ड सैन फ्रांसिस्को के लिए, दर्शना पटेल स्टेट असेंबली के लिए, निकोल फनार्डेज सैन मेटो सिटी काउंसिल के लिए, निथ्या रमन लॉस एंजेल्स सिटी काउंसिल के लिए, रिचा अवस्थी फोस्टर सिटी काउंसिल के लिए और सुखदीप कौर एमरीविले सिटी काउंसिल के लिए चुनाव लड़ रही हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय इंजीनियर्स का खूब प्रभाव है, अब यहां की राजनीति में भी भारतीय अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय मूल की तारा श्रीकृष्णन सिलिकॉन वैली में डिस्ट्रिक्ट 26 से कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली के लिए चुनाव लड़ रही हैं।

**इन राज्यों में भी भारतवंशी उम्मीदवार चुनाव मैदान में :** डॉ. अजय रमन मिशिगन डिस्ट्रिक्ट 14 के लिए ऑकलैंड काउंटी कमिश्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि अनिल कुमार और रंजीव पुरी मिशिगन स्टेट हाउस के लिए चुनाव मैदान में हैं।

### अमेरिका में पहले चुनावी नतीजों का हुआ एलान

इस बीच अमेरिका में पहले चुनावी नतीजे आ चुके हैं। हालांकि, इसमें डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस किसी को भी जीत नहीं मिली। न्यू हैंपशर स्थित छोटे शहर डिक्सविल नॉच में सबसे पहले वोटिंग शुरू हुई थी। 12 बजे शुरू हुई वोटिंग 12.15 पर खत्म भी हो गई। वजह थी यहां रहने वाले महज छह लोग। इनमें से तीन वोट कमला हैरिस को और तीन ही वोट डोनाल्ड ट्रंप को मिले हैं।

## डेमोक्रेटिक पार्टी को मतदान में भारी कमी का सामना करना पड़ रहा: ट्रंप अभियान

**वाशिंगटन।** ट्रंप अभियान ने सोमवार को दावा किया कि शुरूआती मतदान के आंकड़े इस बात का संकेत देते हैं कि सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी को मतदान में भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें सोमवार तक आठ करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं कुछ प्रमुख युद्धक्षेत्र राज्यों में 50 प्रतिशत से अधिक निर्वाचक पहले ही मतदान कर चुके हैं।

पिछले दो चुनाव चक्रों के पिछले रुझान को देखते हुए शुरूआती मतदान को डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए फायदेमंद माना जाता है। हालांकि, ट्रंप अभियान ने एक गोपनीय ज्ञापन में तर्क दिया कि इस बार ऐसा नहीं हो रहा है। उसने कहा कि शुरूआती मतदान होने और चुनाव करीब आने के साथ ही डेमोक्रेट्स को मतदान में भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। हर एक युद्धक्षेत्र राज्य में, हम राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन को अनुपस्थित मतपत्रों और प्रारंभिक मतदान में पिछले चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए देख रहे हैं।

अभियान के मुख्य डेटा सलाहकार टिम सेलर ने कहा, 'अगर हम आंकड़ों की बात करें, तो डेमोक्रेट्स खुद के आंकड़े विशेषज्ञों के अनुसार शहरी मतदान में भारी गिरावट का सामना कर रहे हैं और हम ग्रामीण मतदान में वृद्धि पर नजर रख रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के पूर्व अभियान प्रबंधक जिम मेसिना ने कहा था कि शुरूआती वोट संख्याएं थोड़ी डरावनी हैं।'

**खुद को और पत्रकारों को गुमराह कर रहे डेमोक्रेट्स :** ट्रंप अभियान ने आरोप लगाया कि डेमोक्रेट्स यह दावा करके खुद को और पत्रकारों को गुमराह कर रहे हैं

# कनाडा में भारतीय हिंदू मंदिरों पर हमलों ने छेड़ी एक नई बहस

## कनाडा में भारतीय कितने सुरक्षित ?



### सिखों-हिंदुओं में दरार डालने के पीछे क्या है खालिस्तानियों का प्लान

**विशेष।** कनाडा में भारतीय हिंदू मंदिरों पर हमलों ने एक नई बहस छेड़ दी है। अपनी जड़ों से हजारों किलोमीटर दूर कनाडा में लंबे समय से बसे सिखों-हिंदुओं के बीच हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं। दोनों समुदाय एक दूसरे के सुख दुख के साथी रहे हैं। ऐसे में इन हमलों के बीच बड़ा प्रश्न यही है कि सिखों और हिंदुओं के बीच यह दरार क्यों डाली जा रही है? यह दरार बढ़ाकर खालिस्तानी गिरोह क्या हासिल करना चाहता है?

रवि मल्होत्रा कनाडा के कैलगरी में सपरिवार रहते हैं। वे वहां के स्थानीय मंदिर के प्रशासनिक समिति से भी जुड़े हैं। उनका कहना है कि कनाडा में सिख और हिंदू दोनों ही अपने भारतीय मूल पर गर्व करते हैं। दोनों समुदायों के बीच यहां परस्पर बेहद अच्छे संबंध रहे हैं। भारत की भांति कनाडा में भी हिंदू समुदाय के लोग अपने परिवार के साथ गुरुद्वारे में जाकर सेवा करते हैं और लंगर प्रसाद ग्रहण करते हैं। ठीक इसी तरह सिख समुदाय के लोग हिंदू मंदिरों में जाते हैं और देवी-देवताओं के सामने सिर झुकाते हैं। वे सामूहिक तौर पर सेवा कार्य भी करते हैं। इस तनावपूर्ण माहौल में भी दिवाली पर कुछ मंदिरों में सिख परिवार पहुंचे। उन्होंने मंदिर में दीपक जलाए और प्रसाद बांटे।

मल्होत्रा के अनुसार, लेकिन अब ऐसे लोगों की संख्या घटी है। इसका बड़ा कारण खालिस्तानियों के द्वारा दोनों समुदाय के लोगों को डराना है। लोग किसी आशंका से सामने नहीं आना चाहते। लेकिन दोनों ही समुदायों में अभी भी 90-95 प्रतिशत लोग इस तरह के झगड़ों से दूर हैं। वे इस राजनीति को समझते हैं, इसलिए वे इसे बहुत अधिक महत्त्व भी नहीं देते। लेकिन यह सच है कि खालिस्तानियों के असर के कारण कुछ लोग अब सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहते हैं। संभवतः वे उनकी नजर में सामने नहीं आना चाहते।

खालिस्तानियों की मंशा क्या? : रवि मल्होत्रा ने कहा कि खालिस्तानी कनाडा की राजनीति में अपने आपको ज्यादा प्रभावी बनाना चाहते हैं। इस समय भी ट्रूडो सरकार को उनकी पार्टी एनडीपी का सहयोग है। लेकिन दूसरे सहयोगी दलों के कारण ट्रूडो सरकार पूरी तरह एनडीपी पर निर्भर नहीं है।

### कनाडा में चरमपंथी ताकतों को दी जा रही राजनीतिक पनाह : जयशंकर

ब्रिस्वेन। कनाडा में हिंदू मंदिर और हिंदू समुदाय के लोगों पर खालिस्तानियों के हमले की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है। अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और घटना को बेहद चिंताजनक बताया। कनाडा में हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले की यह घटना ऐसे समय हुई है, जब भारत और कनाडा के संबंध पहले ही तनावपूर्ण हैं और इस घटना ने संबंधों में और खटास ला दी है। हालांकि घटना को लेकर कनाडा सरकार दबाव में है और खुद पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी इसकी आलोचना की है।

# पैन्सिलवेनिया के अखाड़े में हैरिस और ट्रंप ने बिताया प्रचार का आखिरी दिन

**पैन्सिलवेनिया।** अमेरिका में महीनों से चल रही राष्ट्रपति पद की रेस का प्रचार 4 नवंबर की रात थम गया। अब इंतजार है मंगलवार की सुबह 7 बजे से शुरू होने वाले मतदान का जो तय करेगा कि व्हाइट हाउस में अगले 4 साल के लिए कौन सा चेहरा होगा। आखिरी दौर में दोनों ही उम्मीदवार जिस एक राज्य पर जोर लगाते नजर आए वो है पैनस्लिवेनिया।

प्रचार के आखिरी दिन कमला हैरिस और डॉनल्ड ट्रंप ने सूबे के पिट्सबर्ग में बड़ी रैलियों को संबोधित किया। कमला हैरिस ने तो प्रचार का आखिरी दिन लगभर पैन्सिलवेनिया में ही बिताया। बीते कई हफ्तों से अमेरिकी चुनाव के दोनों महारथी अपना सारा जोर सात सूबों के 93 इलेक्टोरल कॉलेज मतों को अपने लिए जुटाने पर लगा रहे थे। इसमें भी सबसे ज्यादा 19 इलेक्टोरल कॉलेज वोट का वजन पैनसिल्वेनिया के पास है। विस्कॉन्सन, मिशिगन, एरिजोना, नॉर्थ कौरोलाइना, जॉर्जिया और नेवादा के बीच बंटे शेष 74 मतों के लिए दोनों ही खेमे ताकत झोंकते नजर आए।




इस बीच अमेरिका में 7.91 करोड़ वोट पहले ही डाले जा चुके हैं। वहीं एरिजोना जैसे सूबे में तो मतदान की तारीख से पहले डाले गए मतों की छंटनी का काम भी शुरू हो गया। एरिजोना, पैन्सिलवेनिया, विस्कॉन्सन जैसे सूबे पारंपरिक तौर पर धीमी मतगणना वाले माने जाते रहे हैं। मतदान खत्म होने के बाद सबसे पहले नजरें लगी होंगी जॉर्जिया और नॉर्थ कैरोलाइना के स्कोर बोर्ड पर, जहां से सबसे पहले नतीजों की उम्मीद की जा रही है। साथ ही पैन्सिलवेनिया के नतीजे भी इस कड़ी में जल्द ही आने की उम्मीद हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण भूगोल और घड़ी के वक्त में भी छुपा है।

चुनावी अखाड़े में अहम माने जाने वाले अधिकतर सूबे अमेरिका के पूर्वी हिस्से में हैं।

# पाकिस्तान में कंगाली के हालात / अध्यापकों को आठ महीने से नहीं मिली सैलरी









## कई स्कूलों पर मंडरा रहा बंद होने का खतरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब है और अब हालात ये हो गए हैं कि वह स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों को सैलरी भी नहीं दे पा रही है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य में सरकारी अध्यापकों को बीते आठ महीने से सैलरी नहीं मिली है। इसके चलते स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है।

### मजदूरों से भी कम वेतन पर काम कर रहे अध्यापक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिन अध्यापकों को सैलरी नहीं मिली है, वे 2200 गर्ल्स कम्युनिटी स्कूलों, 541 बेसिक शिक्षा स्कूलों और 275 नेशनल कमीशन ऑफ ह्युमन डेवलेपमेंट स्कूलों के अध्यापक हैं। गौर करने वाली बात ये है कि पाकिस्तान में सरकार ने अकुशल कामगारों का न्यूनतम वेतन भी 36 हजार पाकिस्तानी रुपये तय किया हुआ है, लेकिन अध्यापकों को मजदूरों से भी कम यानी कि 21 हजार रुपये ही वेतन मिलता है।

अध्यापकों की सैलरी देने के लिए दो अरब रुपये की जरूरत है, लेकिन सरकार की तरफ से फंड जारी नहीं किया जा रहा है। फाउंडेशन ने बताया कि पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर जरीफुल मानी के स्थानांतरण के बाद अध्यापकों की सैलरी अटक गई है। अध्यापकों का कहना है कि अब उनके पास घर चलाने के लिए पैसे भी नहीं है और उन्हें भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्कूल किराए की इमारतों में चल रहे हैं और फंड जारी न होने की वजह से इन इमारतों को खाली करने का खतरा पैदा हो गया

## भारत-पाक द्विपक्षीय व्यापार में भारी गिरावट




पाकिस्तान को भारत से रिश्तों में खटास की भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। रविवार (27 अक्टूबर 2024) को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में पाकिस्तान से भारत का आयात जीरो पर आ चुका है, जबकि इसी टाइम पीरियड के दौरान भारत ने पाकिस्तान को 235 मिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया है। इसमें विशेष रूप से चीनी और फार्मास्यूटिकल्स आइटम्स शामिल हैं। पिछले साल 2023-24 में भारत ने पाकिस्तान से 3 मिलियन डॉलर कीमत के सामान, खास तौर से कुछ कृषि वस्तुओं का आयात किया था, लेकिन आधिकारिक चैनलों के माध्यम से सीमा पार से आयात अब जीरो हो चुका है, एक अधिकारी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से बताया।

**'व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते' :** एक भारतीय अधिकारी ने इन आंकड़ों को लेकर कहा कि व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चलते। अगर पाकिस्तान को भारत के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध चाहिए, तो उसे आतंकवाद का निर्यात बंद करना होगा। भारत सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए वस्तुओं और सेवाओं का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है। इसलिए, अधिकांश देश भारत के साथ बेहतर द्विपक्षीय संबंध रखना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान अपने ही गलत कामों के कारण पीछे रह गया है।

**2018-19 के बाद से आई भारी गिरावट :** 2018-19 के बाद भारत-पाक द्विपक्षीय व्यापार में भारी गिरावट आई है। भारत ने फरवरी 2019 में पाकिस्तान को दिया गया सबसे पसंदीदा राष्ट्र का दर्जा रद्द कर दिया और इस्लामाबाद की भारत विरोधी गतिविधियों के कारण पाकिस्तानी माल पर अधिक टैरिफ लगा दिया। भारत ने 1996 में पाकिस्तान को रियायती दरों पर पाकिस्तानी सामान को भेजने की अनुमति दी गई थी।

# गाजियाबाद में दो दिन रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन, छठ पूजा को लेकर पुलिस ने जारी किया नया रूट प्लान

## 7 और 8 नवंबर को जीटी रोड पर वाहनों के लिए कई रास्ते बंद रहेंगे

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व मंगलवार से शुरू हो गया। इसे लेकर लोगों में उत्साह है। लोग जमकर छठ पूजा सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं।

छठ पूजा के लिए सात और आठ नवंबर को जीटी रोड पर वाहनों के लिए डायवर्जन रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने व्यावसायिक वाहनों और निजी वाहनों के लिए प्लान जारी किया है। इसके तहत सात नवंबर को सूर्य को अर्घ्य देने के लिए हिंडन छठ घाट पर श्रद्धालु जुटेंगे। सात नवंबर की दोपहर दो बजे से देर शाम तक और आठ नवंबर को तड़के तीन बजे से वाहनों का आवागमन प्लान के तहत होगा।



### निजी चार पहिया वाहनों के लिए प्लान

- न्यू लिंक रोड डीपीएस सिद्धार्थ विहार एवं नया बस अड्डा / मेरठ तिराहा की ओर से हिंडन पुल की तरफ सभी प्रकार के निजी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। ऐसे वाहन न्यू लिंक रोड से जल निगम टी-प्वाइन्ट होकर एनएच-नौ का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- मोहन नगर की ओर से हिंडन पुल की तरफ सभी प्रकार के निजी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त सभी वाहन करहेडा से नागद्वार होकर राजनगर एक्सटेंशन होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे।
- कनावनी की ओर से हिंडन पुल की तरफ सभी प्रकार के निजी चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। ऐसे वाहन वसुन्धरा होकर अपने गंतव्य को जायेंगे।

### व्यवसायिक वाहन

- न्यू लिंक रोड डीपीएस सिद्धार्थ विहार एवं नया बस अड्डा समेत मेरठ तिराहा की ओर से हिंडन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
- मोहननगर की ओर से हिंडन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। ऐसे वाहन मोहननगर से लिंक रोड होते हुए यूपी गेट से एनएच-नौ का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- कनावनी की ओर से हिंडन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।
- मेरठ की ओर से आकर मेरठ तिराहा होकर मोहननगर / सीमापुरी की ओर जाने वाले व्यावसायिक वाहन एएलटी से हापुड चुंगी होकर डायमंड फ्लाईओवर से एनएच-नौ का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जायेंगे। एएलटी चौराहा से राजनगर एक्सटेंशन की ओर परिचालन प्रतिबन्धित रहेगा।
- भोपुरा तिराहा की ओर से आने वाले सभी प्रकार के व्यावसायिक वाहन एयरफोर्स गोलचक्कर से नागद्वार / करहेडा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन एयरफोर्स गोलचक्कर से मोहननगर से लिंक रोड होते हुए यूपी गेट होकर अपने गंतव्य को जायेंगे।
- हापुड चुंगी से राजनगर एक्सटेंशन की ओर सभी प्रकार के भारी व्यावसायिक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे सभी वाहन एनएच-नौ का प्रयोग कर अपने गंतव्य को जायेंगे।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नहाय खाय के साथ आस्था व उपासना का लोकपर्व छठ आज (मंगलवार) से शुरू हो गया है। घरों में विशेष तौर पर साफ-सफाई कर व्रत शुरू हुआ। वहीं बुधवार को खरना होगा, जिसमें प्रसाद बांटा जाएगा। दूसरी ओर घाटों पर साफ-सफाई का काम अंतिम चरण में है। शहर में कई स्थानों पर घाट बनाए गए हैं।

चार दिवसीय छठ पर्व के पहले दिन को नहाय-खाय पर व्रती सूरज देवता की पूजा करने के साथ ही दोपहर में अरवा चावल, लौकी की सब्जी का प्रसाद लेंगे। पूजा में चढ़ावे के लिए सामान भी तैयारी को अंतिम रूप देंगे। छठ का प्रसाद पकवान आदि तैयार करने के लिए मिट्टी के चूल्हे भी बनाते हैं। खरना पर्व के अवसर पर घरों में पूजन के बाद खीर-रोटी का प्रसाद बनेगा। इसके बाद से लगातार 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। खरना के अगले दो दिन घाटों पर पूजा होगी और सूर्य भगवान को अर्घ्य देने व मन्नतें मांगने का विधान है।

### औषधि और देवी कृपा के रूप में ग्रहण करते हैं प्रसाद

छठ पूजा के प्रसाद में प्राकृतिक चीजों को महत्ता दी जाती है। पर्व पर दिए जाने वाले प्रसाद की वैज्ञानिक महत्ता के साथ-साथ जीवनोपयोगी भी है क्योंकि यह आयुर्वेदिक औषधि के रूप में भी काम करते हैं। प्रसाद में गन्ना, अदरक, हल्दी, मूली पत्ती समेत सूप पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा गुड़ से बना पकवान (ठेकुआ) बदलते मौसम में स्वास्थ्य के लिए उपयोगी माना गया है।

नंदग्राम, सिहानी, घूकना, सेवा नगर, राजनगर एक्सटेंशन, संजय नगर, प्रताप विहार, विजय नगर, राहुल विहार, अकबरपुर बहरामपुर, शास्त्रीनगर, बम्हैटा क्षेत्र में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के निवासियों की संख्या अधिक होने से तीन दिन इन क्षेत्रों में मेले जैसा माहौल बना रहेगा।

### बाजार में पर्व मनाने वाले खरीदारों की बढ़ी भीड़

छठ पर्व से चलते मंगलवार को बाजारों में खरीदारों की काफी भीड़ रही। बस अड्डा, घंटाघर, विजय नगर और संजयनगर, पुराना बस अड्डा स्थित सब्जी मंडी में फल, प्रसाद व पूजन की अन्य सामग्री खरीदने वालों की भीड़ रही वहीं कपड़ों व साज-सज्जा की दुकानों में भी खरीदार डटे रहे। घंटाघर के आसपास के बाजारों में भी छठ पर्व के खरीदारों की भीड़ रही। इससे सिहानीगेट, डासना गेट, चौपला के बाजारों में शाम तक भीड़ रही। मुख्य बाजारों में व्यवस्था बनाने में पुलिस के भी पसीने छूटते रहे। कई क्षेत्रों में सिविल डिफेंस के लोग भी मदद करने में जुटे रहे।

### कॉलोनियों में भी बनाए गए घाट

महापर्व छठ के लिए हरनंदी नदी पर कई पक्के घाट बने हैं। इस बार कई स्थानों पर नए घाट भी बनाए गए हैं। शहर में करीब 71 अन्य स्थानों कॉलोनियों के पार्कों, मंदिर परिसर, हरित पट्टी, पानी की टंकी परिसर में छठ के लिए अस्थायी घाट बनाए गए हैं। इन घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी और बैठने की व्यवस्था की जा रही है। जिले में विभिन्न स्थानों के घाटों पर 3.50 लाख से ज्यादा लोग इस पर्व को मनाते हैं। सिर्फ हरनंदी के घाटों पर ही डेढ़ लाख के करीब भीड़ जुटती है।

# मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने सचिन डेढ़ा को पार्टी की सक्रिय सदस्यता दिलाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत भारतीय जनता के युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा को बृजविहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने प्राथमिक सदस्य बनाकर प्राथमिक सदस्यता बुक व सक्रिय सदस्यता का फॉर्म मंडल कार्यालय में जमा किया। इसके बाद मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने सक्रिय सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सुधीर त्यागी ने कहा कि लोग भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं से खुश हैं, इसलिए वह पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रज्ञा



अग्रवाल, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष रोहित डेढ़ा, सुमन सिंह, शुप्रिया सिंह भदौरिया, चरणजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के 77वें जन्मदिन पर शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तरप्रदेश सरकार में मंत्री रहे बालेश्वर त्यागी के 77वें जन्मदिन के अवसर पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शुभकामनाएं देने वालों में पार्षद राजकुमार नागर, वीरेंद्र त्यागी, अमित त्यागी, नीरज गोयल, जयप्रकाश अध्यक्ष हरीशचंद्र त्यागी पुस्तकालय, वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले, पूर्व पार्षद राकेश पंडित, बबली त्यागी, अध्यक्ष कानपकड़ू मोर्चा अवधेश वत्स, सचिन सोनी, उज्वल गर्ग, तिलक त्यागी व महर्षि दयानन्द विधा पीठ के शिक्षक, शिक्षिकाएं व स्टाफ शामिल रहे।







# नोएडा प्राधिकरण ने 5 भूखंड का आवंटन निरस्त किया



## 14.92 करोड़ रुपए का है बकाया, अंतिम नोटिस जारी करने पर भी नहीं दिया जवाब

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा एक्शन लेते हुए पांच भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया है। इसमें एक आईटी/आईटीईएस का भूखंड भी शामिल है। इन पर 14.92 करोड़ रुपए का बकाया है। इन आवंटियों को बकाया वापस करने के लिए कई बार नोटिस जारी किया गया। लेकिन, एक बार भी न तो नोटिस का जवाब दिया गया और न ही बकाया पैसा जमा किया गया। ऐसे में प्राधिकरण ने इन पांचों भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया है। इसमें सबसे बड़ा भूखंड आईटी/आईटीईएस का 7000 वर्गमीटर का है। भूखंड संख्या बी-18 सेक्टर-62 है। आईआईबीएस इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था। कंपनी पर 2 करोड़ 24 लाख 16 हजार 179 रुपए का बकाया है। बकाया जमा नहीं करने पर प्राधिकरण ने कंपनी को अंतिम नोटिस जारी करके 15 दिनों का समय दिया गया। इसके बाद भी पैसा जमा नहीं किया।

# हापुड़ में कमिश्नर-आईजी ने जांची गढ़ कार्तिक मेले की व्यवस्था

## श्रद्धालु की सुरक्षा के लिए बनेंगे वाच टावर, ड्रोन से होगी निगरानी

**हापुड़।** हापुड़ में गढ़ गंगा मेले का दौरा करते हुए मंगलवार को मेरठ कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे और आईजी नचिकेत झा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए। अफसरों ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा बंदोबस्त को बारीकी से परखा। अफसरों से वार्ता कर कार्तिक मेले से जुड़ी जानकारी भी ली। डीएम प्रेरणा शर्मा ने बिंदुवार विस्तार के साथ मेले में श्रद्धालु की सुविधा को जा रही तैयारी के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर मुख्य घाट के अलावा मेरठ, दिल्ली, हापुड़ और पशु मेले में जगह-जगह गंगा किनारे अस्थाई घाट तैयार कराए जा रहे हैं। जहां बैरिकेडिंग के अलावा डूबने से बचाने को पीएससी गोताखोरों की तैनाती और शरारती तत्वों पर नजर रखने को वाच टावरों पर हर समय पुलिसकर्मी तैनात रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर लाखों श्रद्धालुओं के लिए पानी और पथ प्रकाश व्यवस्था से लेकर जन सुविधा मुहैया कराई जा रही है।





### आईजी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था

आईजी जोन नचिकेता झा ने मेला स्थल पर श्रद्धालु की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सभी 24 अस्थाई थानों में जल्द से जल्द पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए मेला क्षेत्र में बनाए गए वाच टावरों पर दूरबीन के माध्यम से पुलिस द्वारा निगरानी कराई जाने का कार्य भी अविलंब चालू करने का निर्देश दिया। उन्होंने संदिग्ध एवं शरारतीतत्वों पर पहली नजर रखते हुए किसी भी प्रकार की अनर्गल अफवाह उड़ाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। मेला ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कमिश्नर ने ली जानकारी

राजकीय मेल घोषित होने के बाद 2018 से आयोजन का जिम्मा जिला प्रशासन के हाथों में चल रहा है। परंतु कार्यदाई संस्था के रूप में अभी जिला पंचायत विभाग ही जन सुविधा मुहैया कराता आ रहा है। अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा ने कमिश्नर की समीक्षा बैठक के दौरान मेला स्थल पर की जा रही तैयारी का लेखा-जोखा पेश किया। पेयजल हेतु मेला स्तर पर लगाए जा रहे हैंड पंप, पथ प्रकाश, गंगा किनारे अस्थाई स्नान घाट, स्नान के बाद महिलाओं को भीगे वस्त्र बदलने को चेंजिंग रूम, डूबने की रोकथाम के लिए नाव और गोताखोर, भीड़ में परिजनों से बिछड़ने वाले महिला बुजुर्ग और बच्चों को फिर से उन तक पहुंचने को 24 घंटे उद्घोषणा कराने आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# कर्ज उतारने के लिए कलेक्शन एजेंट ने हड़पे 1.30 लाख रुपये, पुलिस को दी फर्जी लूट की सूचना



**हापुड़, करंट क्राइम।** कर्ज उतारने के लिए थाना सिंभावली स्थित एक फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट ने 1.30 लाख रुपये हड़पने के लिए फर्जी लूट की घटना होने का षड्यंत्र रच डाला। आरोपित ने पुलिस को सूचना दी कि गांव बनखंडा - रामपुरा मार्ग पर बदमाशों ने उससे लूट की है। छानबीन के दौरान पुलिस ने वारदात का पदार्फाश कर कलेक्शन एजेंट से रुपये बरामद कर लिए हैं। आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि सिंभावली में भारत फाइनेंस कंपनी की ब्रांच है। ब्रांच में मेरठ के फलावदा क्षेत्र के गांव नागोरी के अशोक जायसवाल ब्रांच मैनेजर है। इसी ब्रांच में जिला बुलंदशहर के गांव औरंगाबाद का सौरभ राजपूत कलेक्शन एजेंट है। सोमवार को शाम छह बजे सौरभ राजपूत ने पुलिस को सूचना दी कि वह बाइक पर सवार होकर बाबूगढ़ क्षेत्र के कई गांव में रुपयों का कलेक्शन करने के लिए आया था।

# वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 81 में नगर निगम ने विकास कार्यों की शुरुआत कर दी है। इंदिरापुरम 60 फुटा रोड, शक्ति खंड 4 का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस सड़क निर्माण की शुरुआत वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने नारियल तोड़कर की जिसमें उन्होंने क्षेत्र की जनता के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस अवसर पर नूपुर अग्रवाल, इंदिरापुरम आईटी संयोजक प्रयाम सक्सेना, जय प्रकाश गुप्ता सहित क्षेत्र के लोग भी उपस्थित रहे। पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि 60 फुटा रोड का निर्माण लंबे समय से स्थानीय निवासियों की मांग रहा है। यह निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के लोग में खुशी की लहर है। यह सड़क क्षेत्रवासियों के आवागमन को सुगम बनाएगी और यातायात के दबाव को कम करने में भी सहायक होगी।



पार्षद ने बताया कि इस सड़क के निर्माण से स्थानीय व्यवसाय और निवासियों को फायदा होगा, जिससे इंदिरापुरम का विकास और समृद्धि बढ़ेगी। नगर निगम के सहयोग से इस तरह के विकास कार्य वार्ड 81 की बेहतरी के लिए लगातार जारी रहेंगे। पार्षद ने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाया कि उनका लक्ष्य वार्ड 81 को एक आदर्श वार्ड बनाना है, जहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों और नागरिकों को विकास कार्यों का लाभ भी मिलेगा।

# साहिबाबाद में छठ की तैयारी को लेकर घाटों की हुई साफ-सफाई

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया हिंडन घाट का दौरा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 7 नवंबर को आयोजित होने वाले छठ समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के चलते नगर आयुक्त ने हिंडन घाट का दौरा किया। इस दौरान सिंचाई विभाग ने हिंडन की सफाई का काम शुरू कर दिया। विभाग की ओर से एक दर्जन से अधिक कर्मचारी सफाई के लिए लगाए गए हैं।

घाट के लिए सीढ़ी बनाने का काम भी पूरा कर दिया गया है। सिंचाई विभाग ने दावा किया कि जल्दी ही हिंडन की सफाई व्यवस्था का काम पूरा कर लिया जाएगा। नगर आयुक्त ने निगम के अफसरों को समय से काम खत्म करने के लिए कहा है। उन्होंने घाट के लिए जगह चिह्नित करने, सीढ़ी बनाने, साफ-सफाई करने, लाइटिंग की व्यवस्था दुरुस्त करने तथा छठ के दौरान साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए कहा है। साथ ही अफसरों से कहा कि वह पॉलिथीन मुक्त छठ त्योहार मनाएं। इसके लिए प्रचार- प्रसार के लिए होर्डिंग और बैनर बनाकर अभी से ही लगाने को कहा गया है। उधर खोड़ा मकनपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक चौधरी ने खोड़ा मकनपुर छठ घाट का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अभिषेक चौधरी के साथ बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण शर्मा भी मौजूद रहे। सुनील झा ने बताया कि छठ महापर्व की पूजा भारत में मुख्य रूप से पूर्वांचल के लोग सदियों से कार्तिक मास नवंबर महीने में दिपावली के बाद मनाते आ रहे हैं।

छठ पूजा भगवान सूर्यदेव को धन्यवाद करने का व्रत है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि हम धरतीवासी को एक मात्र जीता जागता अगर भगवान दिखाई देने वाला नित्य प्रति है। तो वो भगवान सूर्यदेव हैं। जो सभी जीवों का पालनहार पोषणहार हैं। जिनसे हमें जीवन रक्षक सारी सामग्री मिलती है। दुकानदार अनूप यादव ने बताया कि छठ पर्व को लेकर लोगों ने खरीदारी करना शुरू कर दिया है।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

**P.N. Arora** is with **Upasana Arora**.
1m

हमें श्री तिरुपति बाला जी के दर्शन कर के आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला! सनातन धर्म के प्रमुख मन्दिरों में से एक, श्री तिरुपति बाला जी के मन्दिर में जाना, अव्यक्त आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण एक अद्भुत अनुभव रहा जिसे शब्दों में वर्णित करना असम्भव है! धार्मिक मान्यता के अनुसार, हम दोनों ने अपने - अपने केश भी दान स्वरूप अर्पण किए!
#Tirupati #tirupatibalajitemple #Tirupatitemple



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सनातन धर्म संस्कृति की सबसे बड़ी खूबी ये है कि यहां अध्यात्म की महिमा के आगे विज्ञान भी नतमस्तक होता है। यशोदा अस्पताल के एमडी पीएन अरोड़ा ने अपनी पत्नी उपासना अरोड़ा के साथ श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में दर्शन पूजन किया। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। पति पत्नी ने आस्था श्रद्धा भक्ति भाव से केश दान किया। अपनी आस्था श्रद्धा को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।